संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शुक्रवार, 10 मई 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान को लेकर दिल्ली बीजेपी ने प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 15 अंकः 128 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं"
– भगवत गीता

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
–स्वामी विवेकानंद

# सरकार की रिपोर्ट में दावा..65 साल में 7.8% घटी हिंदू आबादी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत में 1950 से लेकर 2015 तक हिंदुओं की आबादी में 7.8% की गिरावट आई है। जबकि मुस्लिम की आबादी में 43.15% का इजाफा हुआ। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में ये बात सामने आई है।

**रिलीजियस माइनॉरिटीजः** क्रॉस-कंट्री एनालिसिस (1950-2015) रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जैनों की जनसंख्या में भी गिरावट आई है। 1950 में जैनों की आबादी 0.45% थी, जो 2015 में घटकर 0.36% रह गए। ये रिपोर्ट इकोनॉमिस्ट शमिका रवि, अब्राहम जोस और अपूर्व कुमार मिश्रा ने तैयार की है। अब लोकसभा चुनाव के बीच आबादी रिपोर्ट पर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, 'कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही किया है। उनके भरोसे छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।' वहीं, असदुद्दीन ओवैसी ने इसे वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट करार दिया। प्रियंका गांधी ने कहा, 'हमें उन मुद्दों पर बात करनी चाहिए, जो लोगों के जीवन से जुड़े हैं। भाजपा अपने हिसाब से मुद्दे बनाती है। इस रिपोर्ट के बाद सियासी तौर पर माहौल गर्म होने लगा है। भाजपा सांसद साक्षी महाराज कहते हैं कि इसके स्पष्ट मायने हैं या तो हिंदू मारे



जा रहे हैं या फिर उनका धर्मांतरण कराया जा रहा है। साक्षी महाराज ने मांग की है कि देश में जल्द ही जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाना चाहिए। यह कानून राष्ट्रहित में है। उनका कहना है कि वह हिंदू और मुसलमान की बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन जो रिपोर्ट आई है वह बहुत ही आहत करने वाली है। वहीं भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्षी पार्टियों पर हमलावर होते हुए भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश करार दे दिया। इस रिपोर्ट के मीडिया में आने के बाद जिस तरीके की सियासत शुरू हुई है उस पर राजनीतिक जानकारों का रुख स्पष्ट है। जिस तरीके से भाजपा नेताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू की है, उससे स्पष्ट है कि सियासत में मुद्दा अब आगे भी बढ़ने वाला है। इस रिपोर्ट को आधिकारिक वेबसाइट पर देखा तो नहीं है, लेकिन रिपोर्ट से जो हंगामा मचा है, वह हिंदू-मुस्लिम की राजनीति में ध्रुवीकरण की पूरी पिच तैयार कर रहा है। उनका कहना है कि अभी तक इस मामले में सबसे ज्यादा प्रतिक्रियाएं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से आ रहीं हैं। ऐसे में निश्चित तौर पर इस मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के नेता आगे बढ़ा रहे हैं। जबकि अन्य पार्टियों के बड़े नेताओं की ओर से फिलहाल इस पर चुप्पी है।

**सियासी बवाल**

▸▸ जैनों की जनसंख्या में भी गिरावट आई है। 1950 में जैनों की आबादी 0.45% थी, जो 2015 में घटकर 0.36% रह गए

## 'कांग्रेस के हवाले कर दिया तो हिंदुओं के लिए नहीं बचेगा कोई देश'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के एक अध्ययन से पता चला है कि 1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी में 7.8 फीसदी की तेज से गिरावट आई है। इस आंकड़े के सामने आते ही राजनीतिक गलियारे में गलचल मच गई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। अब भाजपा ने इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उसका कहना है कि अगर देश कांग्रेस के हवाले कर दिया गया तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।

**कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही कियाः** भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने ईएसी-पीएम की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया।

# तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा विपक्षः शाह

● 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी हैः अमित शाह

**विपक्ष को घेरा**

▸▸ 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी है और विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबादः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी है और यह विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला है। चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'भारतीय गारंटी' के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'चीनी गारंटी' के बीच है। उन्होंने कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम को तुष्टिकरण का त्रिकोण बताते हुए कहा कि ये पार्टियां रामनवमी जुलूस नहीं निकलने देतीं और सीएए का भी विरोध करती हैं।

**गृह मंत्री ने विपक्ष पर लगाए कई आरोपः** गृह मंत्री ने कहा, "ये लोग 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' (17 सितंबर) मनाने की अनुमति नहीं देते हैं। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं।"

अमित शाह ने कहा कि अब तक हुए लोकसभा चुनावों के तीन चरणों में भाजपा लगभग 200 सीटें हासिल करेगी और पार्टी को 400 सीटों के लक्ष्य को पार करने में मदद करने के लिए तेलंगाना में मतदान की जरूरत है।



### जनता कह रही, जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगेः योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरीः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव- 2024 एक निर्णायक मोड़ पर आ चुका है। अब तक तीन चरणों में आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। वहीं बचे चरणों ने पहले से ही रुझान तय कर दिये हैं। पूरे देश का रुझान है कि फिर एक बार मोदी सरकार। देश की जनता जनार्दन जो राम को लाए हैं, हम उनको लाने की बात कह रही है। योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार देश में पहली बार देखने को मिल रहा है कि किसी सरकार ने 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया और उसके बाद भी जनता जनार्दन पूरे उत्साह और उमंग के साथ बीजेपी के प्रत्याशियों को जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने जा रही है। भारत की जनता यह कृतज्ञता इसलिए जाहिर कर रही है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के विकास, कल्याण और सम्मान के लिए काम किया है।

## कैदियों की भीड़ कम करने का समाधान हो सकती है खुली जेलः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देश की सर्वोच्च अदालत ने कैदियों के पुनर्वास पर टिप्पणी करते हुए खुली जेलों का सुझाव दिया है। अदालत ने कहा है कि खुली जेल की मदद से कैदियों की अधिक भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। खुली या आंशिक रूप से खुली जेल में कैदियों को दिन के समय में परिसर के बाहर काम करने दिया जा सकता है, जिससे कि वह अपने जीवन यापन के लिए कुछ कमा सकें। इसके बाद काम निपटा कर शाम को सभी कैदी जेल में वापस लौट सकते हैं। अदालत ने यह सुझाव इसलिए दिया क्योंकि कैदी भी समाज से जुड़ सकें।

# चुनाव में बाहरी हस्तक्षेप मंजूर नहींः भारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत में हो रहे आम चुनावों में पश्चिम के हस्तक्षेप वाले रूसी बयान पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि हम किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव में अगर कोई बाहर से हस्तक्षेप करना चाहे तो यह सरासर गलत है और वह कभी भी इसमें सक्षम नहीं होगा। हमने आरोपों पर एक बयान दिया है कि हम किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे।

**कनाडा ने नहीं दी कोई जानकारीः** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने निज्जर हत्याकांड में कनाडा में तीन भारतीयों को हिरासत में लिए जाने पर कहा कि हमें भी



इस बारे में बताया गया है। हालांकि, इस बारे में कोई औपचारिक राजनयिक संवाद नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कनाडा ने इस बारे में भारत को किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने कनाडा से कहा कि वह अपनी धरती का उपयोग अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वाले लोगों को राजनीतिक करने के लिए नहीं होने दें।

रणधीर जायसवाल ने मालदीव की विदेश मंत्री मूसा जमीर की भारत यात्रा पर अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत दौरे पर हैं, उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की है।

**दो टूक**

▸▸ कनाडा धरती का उपयोग अलगाववादियों की वकालत करने वाले लोगों को राजनीतिक करने के लिए नहीं होने दें

## कांग्रेस खो चुकी जनता का विश्वासः सीएम नायब सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** हरियाणा सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया है। जिसके बाद राजनीतिक नेताओं पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के लोग विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए थे, तब हमने विश्वास मत हासिल किया। कहा कि जब विधानसभा सत्र चलेगा तब इस पर बात होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कांग्रेस को जल्दी है, लेकिन हमारे साथ जनता का विश्वास है। कांग्रेस तो जनता का विश्वास खो चुकी है। वहीं, पानीपत में मंत्री व भाजपा नेता महिपाल ढांडा के आवास पर पूर्व सीएम से मिलने के लिए जजपा के विधायक पहुंचे।

## ईडी ने केजरीवाल की जमानत का विरोध किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को फैसला सुनाएगा। इससे एक दिन पहले गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। ईडी ने कहा कि वे (केजरीवाल) चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और इससे पहले किसी नेता को प्रचार के लिए न्यायिक हिरासत से जमानत नहीं मिली है। प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने ये हलफनामा इसलिए दिया कि 7 मई को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा था कि चुनाव 5 साल में आते हैं, ये असाधारण परिस्थिति है। अगर हम केजरीवाल को जमानत देते हैं तो हमारी शर्त रहेगी कि वे सरकार के काम में दखलंदाजी नहीं करेंगे। हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर अंतरिम आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर भी उसी दिन फैसला किया जाएगा। दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। वे चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के गढ़ दिल्ली में 25 मई और पंजाब में 1 जून को लोकसभा चुनाव होने हैं।

**7 मई को जमानत पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा- केजरीवाल कोई आदतन अपराधी नहीं हैं। यह एक अभूतपूर्व परिस्थिति है। लोकसभा चुनाव जारी हैं। वो दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं। अगर चुनाव नहीं चल रहे होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था। चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर जमानत दी जाती है तो केजरीवाल सरकारी काम में दखल नहीं देंगे। वो अपने आधिकारिक कार्य नहीं करेंगे। ऐसा हुआ तो हितों का टकराव पैदा होगा और हम यह नहीं चाहते।



**हलफनामा**

▸▸ प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं; कोर्ट ने कहा था- चुनाव 5 साल में होते हैं

## ईवीएम वाली स्ट्रांग रूम में लगेंगे अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मद्रास हाई कोर्ट को सूचित किया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को उन स्ट्रांग रूम में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जहां 19 अप्रैल के चुनावों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम रखी गई हैं। न्यायमूर्ति ए.डी. जगदीश चंदीरा और न्यायमूर्ति आर. कलाईमथी की ग्रीष्मकालीन अवकाश पीठ के समक्ष भारत के चुनाव आयोग के स्थायी वकील निरंजन राजगोपालन पेश हुए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल के एजेंटों के लिए फुटेज देखने के लिए एक समर्पित लाइन और टीवी स्क्रीन होगी।

**तैयारी**

▸▸ राजनीतिक दल के एजेंटों के लिए फुटेज देखने के लिए एक समर्पित लाइन और टीवी स्क्रीन होगी

# पीओके भारत का हिस्साः विदेश मंत्री एस जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि गुलाम कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और देश की हर राजनीतिक पार्टी उसकी वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह वास्तव में हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है।

**पीओके पर लोगों के मन की बात पूरी होगीः** विदेश मंत्री जयशंकर बुधवार को गार्गी कालेज में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों ने मान लिया था कि अनुच्छेद 370 को बदला नहीं जा सकता, लेकिन भाजपा



सरकार ने अगस्त, 2019 में उसे निरस्त कर दिया। जयशंकर ने कहा कि आज देशवासियों के मन में गुलाम कश्मीर का मुद्दा भी आ गया है। यदि आपके विचारों में आ गया है तो बाकी चीजें निश्चित रूप से किसी न किसी बिंदु पर पूरी होंगी।

**गुलाम कश्मीर में लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहींः** जयशंकर ने आगे कहा कि गुलाम कश्मीर में बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर राजनीतिक और मानवाधिकार संगठनों ने लंबा मार्च निकाला है। साथ ही 11 मई को पीओके के मुजफ्फराबाद में धरने का आह्वान किया है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) और ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने संयुक्त बयान में घोषणा की है कि गंभीर बेरोजगारी, गेहूं और आटे पर सब्सिडी रद्द करने सहित अन्य मुद्दों को उठाया जाएगा। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पीओके पर बयान देते हुए कहा था कि वहां हमें कुछ करने की जरूरत नहीं है और वो खुद भारत में आ मिलेगा।

**प्रतिबद्धता**

▸▸ सभी दल भी गुलाम कश्मीर की वापसी के लिए प्रतिबद्धः विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**हथकरघा** हुड्डा ने मांग की है कि प्रदेश में भाजपा सरकार, अल्पमत में आ गई है, इसलिए राष्ट्रपति शासन लगाया जाए

# हरियाणा में सियासी हलचल तेज, सत्ता पक्ष-विपक्ष के अपने-अपने दावे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा की राजनीति में एकाएक हलचल बढ़ गई है। वजह, तीन निर्दलीय विधायकों ने पाला बदल लिया है। उन्होंने भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेकर कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े होने की बात कही है। कांग्रेस पार्टी के नेता भूपेंद्र हुड्डा ने मांग की है कि प्रदेश में भाजपा सरकार, अल्पमत में आ गई है, इसलिए राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं का कहना है, सरकार सुरक्षित है। पूर्व डिप्टी सीएम एवं जजपा नेता दुष्यंत चौटाला कहते हैं कि अगर कांग्रेस पार्टी, सरकार के खिलाफ



अविश्वास प्रस्ताव लाती है, तो जजपा उसे बाहर से समर्थन देगी। प्रदेश की राजनीति को करीब से जानने वाले बताते हैं, समर्थन लेने देने की कहानी, अभी खत्म नहीं हुई है। हरियाणा में अभी हिसाब खुलना बाकी है। भाजपा सरकार गिराने के चक्कर में कहीं कांग्रेस और जजपा में तो सेंध नहीं लग रही। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस बाबत इशारा कर दिया है कि हमारे संपर्क में भी विधायक हैं।

**'जजपा' विधायकों के समर्थन से सरकार का गठनः** हरियाणा में कांग्रेस और जजपा, दोनों दलों को एक दूसरे पर भरोसा नहीं है। हालांकि, पिछले वर्ष पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा था, विधानसभा चुनाव में एक समान विचारधारा वाले दल साथ आ सकते हैं। उनसे जजपा के साथ किसी तरह के गठबंधन को लेकर सवाल पूछा गया था। उस वक्त तक जजपा, भाजपा सरकार में शामिल थी। गत मार्च में भाजपा ने जजपा के साथ गठबंधन तोड़ने की घोषणा की थी। मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटा कर नायब सैनी को सीएम बनाया गया था। उस वक्त भाजपा सरकार ने विधानसभा में विश्वासमत हासिल किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 90 में से 40 सीटों पर जीत हासिल की थी।

**सेंधमारी**

▸▸ प्रदेश की राजनीति को करीब से जानने वाले बताते हैं, समर्थन लेने देने की कहानी, अभी खत्म नहीं हुई है

# भारत-मालदीव के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पहली बार भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, हमें विभिन्न क्षेत्रों में अपने दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान को मजबूत करने में सक्षम बनाया। मूसा से मुखातिब विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, निकटतम पड़ोसियों के रूप में, हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। उन्होंने कहा, भारत का सवाल है मालदीव के साथ रिश्ते हमारी पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण पर आधारित है। जयशंकर



ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आज की हमारी बैठक सफल होगी।' बता दें कि हिंद महासागर में आपसी समुद्री सहयोग के लिए भारत की नीति पर चलता है। इसका मतलब सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन है। विदेश मंत्री मूसा का भारत दौरा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं। मालदीव के राष्ट्रपति ने चुनावी अभियान में 'इंडिया आउट' जैसे नारों का सहारा लिया, तो दूसरी तरफ उनके मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप प्रवास पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

# चारधाम यात्राः ऋषिकेश से 135 वाहनों में 4050 श्रद्धालु रवाना

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
प्रत्येक वर्ष चारधाम यात्रा संचालित करने वाली संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के तत्वावधान में गुरुवार को ऋषिकेश से यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस मौके पर 135 वाहनों में 4050 श्रद्धालुओं को चारधाम के लिए रवाना किया गया। प्रदेश के वित्त एवं शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल, हंस फाउंडेशन संस्थापक माता मंगला और भोले महाराज, पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, निवर्तमान मेयर अनिता ममगांई ने संयुक्त रूप से बसों को हरी झंडी दिखाई।



इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड आगमन पर सभी चारधाम यात्रियों का स्वागत करते हुए उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने की भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के रिकॉर्ड इस बार चारधाम यात्रा में टूटने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से तैयार है। इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कहा गया है कि चारधाम यात्रा में लगे सभी वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाए। बिना फिटनेस वाली गाड़ी के संज्ञान में आने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों का रजिस्ट्रेशन किया जाए, सरकार के पास सभी यात्रियों का पूरा रिकॉर्ड होना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि चारधाम यात्री हमारे मेहमान हैं और हमारी संस्कृति अतिथि देवो भवः की है। अतिथियों का सत्कार हमारा कर्तव्य होना चाहिए। यात्रियों के साथ किसी तरह की दिक्कतें न हो, इसका ख्याल भी पूरी तरह से किया गया है। सोशल मीडिया के जरिए भी यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है।
मंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्रियों की सुविधाओं का राज्य सरकार ने विशेष ख्याल रखा है। मोबाइल टॉयलेट की समुचित व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा गया है। इसके अलावा कीटनाशक दवाओं का उपयोग भी प्रतिदिन किया जा रहा है।

## जनता के बीच जाकर पार्टी की नीति बताई

चर्चा

▶▶ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लपखत ने पार्टी की नीतियों के बारे में चर्चा की

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर लोगों को पार्टी की रीति नीतियों के बारे में बता रहे हैं।
गुरुवार को कांग्रेस की ओर से दशोली विकास खंड के न्याय पंचायत छिनका के घिंघराण और देवर खडोरा में जनता के बीच जाकर उन्हें पार्टी की रीति नीतियों के बारे में बताया। साथ ही रौली ग्वाड़, नैल कुडाव, देवर, घिंघराण, कुजौं मैकोट, कौंजपोथनी में बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक भी की गई।



बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लपखत बुटोला ने पार्टी की नीतियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जो आम जनता के कष्टों को समझती है और उन्हीं के अनुरूप योजना तैयार कर उन्हें लाभ पहुंचाती है।
उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की और जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाने की बात कही।

## सीएमओ डॉ. संजय जैन ने किया पीएचसी दुधली का निरीक्षण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय जैन ने गुरुवार को डोईवाला ब्लॉक के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दुधली का औचक निरीक्षण किया। डॉ. जैन के निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात समस्त स्टाफ नदारद मिले। सुबह नौ बजे तक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मी मौजूद नहीं होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक से इस बाबत स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने हिदायत दी है कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दोस्त ही निकला दोस्त का हत्यारा, पैसों के हिसाब को लेकर हुआ था विवाद

खुलासा

▶▶ सेलाकुई थाना क्षेत्रांतर्गत बाय खाला में हुई युवक की हत्या का दून पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सेलाकुई थाना क्षेत्रांतर्गत बाय खाला में हुई युवक की हत्या का गुरुवार को दून पुलिस ने खुलासा कर दिया है। युवक के दोस्त ने ही उसकी हत्या की थी। दोनों गाड़ी चलाते थे और एक साथ नशा भी करते थे। जिस दिन युवक की हत्या हुई थी उस दिन दोनों नशे में थे। पैसों के हिसाब को लेकर आपस में विवाद हो गया तो दोस्त ने ईंट से युवक के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी।



गत चार मई को सेलाकुई थाना क्षेत्रांतर्गत बाय खाला में एक युवक अचेतावस्था में पड़ा मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को तत्काल एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक की शिनाख्त कामिल पुत्र सलीम निवासी सिंघनीवाला सहसपुर के रूप में हुई थी। प्रारंभिक जांच में युवक के सिर पर वार कर उसकी हत्या किया जाना प्रकाश में आया। मृतक के परिजनों ने पूछताछ में बताया था कि कामिल ई-रिक्शा चलाता था। घटना के दिन भी ई-रिक्शा लेकर निकला था। मृतक के पिता सलीम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।
पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाते हुए घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों का अवलोकन किया तो घटना के दिन कामिल ई-रिक्शा से अपने एक साथी मोनू उर्फ इरशाद के साथ जाता हुआ दिखाई दिया। मोनू उर्फ इरशाद के विषय में जानकारी करने पर उसका घटना वाले दिन से ही अपने घर से फरार होना पता चला। साथ ही पुलिस टीम को घटनास्थल के पास दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की भी जानकारी मिली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को मोनू उर्फ इरशाद (28) पुत्र इरफान अली निवासी सिंघनीवाला थाना पटेलनगर जनपद देहरादून को धूलकोट के जंगल के पास से गिरफ्तार किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त खून लगी हुई ईंट और आरोपित के खून लगे कपड़े बरामद किए। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित ने कामिल के सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या किया जाना स्वीकार किया।
पूछताछ में आरोपित इरशाद ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है। कामिल से उसकी पुरानी जान-पहचान थी। दोनों अक्सर साथ में नशा किया करते थे। गत चार मई को कामिल ने अपना पुराना लेन-देन का हिसाब करने और साथ में नशा करने के लिए बुलाया और दोनों ई-रिक्शा से घटनास्थल तक गए। नशा करने के बाद पैसों के हिसाब को लेकर आपस में विवाद हो गया तो उसने मौके पर पड़ी ईंट से कामिल के सिर पर वार कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें


### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने सामाजिक क्षेत्र के स्टार्ट-अप को 19.6 करोड़ रुपये के अनुदान से सपोर्ट की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम के विजेताओं की घोषणा की है। इस वर्ष सामाजिक प्रभाव उद्यमिता के क्षेत्र में 41 इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर को विशिष्ट फोकस क्षेत्रों में काम करने वाले 170 स्टार्ट-अप का समर्थन करने के लिए कुल 19.6 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। इस वर्ष का कार्यक्रम नीति आयोग के तहत भारत सरकार की पहल अटल इनोवेशन मिशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। 2024 अनुदान के मुख्य फोकस क्षेत्रों में जलवायु नवाचार, वित्तीय समावेशन, कृषि और सतत ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका संवर्धन, लिंग विविधता और समावेशन शामिल हैं। जिन स्टार्ट-अप्स को अनुदान मिला है, वे उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से आए हैं, जिनमें से सबसे बड़ी संख्या महाराष्ट्र से है। इनमे 170 स्टार्ट-अप में से आधे से अधिक 60 से अधिक टियर द्वितीय/तृतीय शहरों से हैं। एचडीएफसी बैंक की प्रमुख सीएसआर नुसरत पठान ने कहा कि हमारा परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम सामाजिक नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इनोवेशन समाज की विकास आवश्यकताओं को पूरा करने की कुंजी है। रणनीतिक सहयोग और लक्षित निवेश के माध्यम से, हमारा लक्ष्य प्रमुख क्षेत्रों में नवोन्मेषी सामाजिक स्टार्ट-अप के प्रभाव को पोषित करना और बढ़ाना है, जो अंततः सभी के लिए अधिक टिकाऊ और समावेशी भविष्य में योगदान देगा।
यह अनुदान उभरते इनक्यूबेटरों आईआईटी मद्रास में एचटीआईसी, आईआईटी रोपड़ में अवध, टी-हब (हैदराबाद), एफआईटीटी - आईआईटी दिल्ली, आईआईएसईआर (कोलकाता) में राइज फाउंडेशन, वीजेटीआई (मुंबई), जैसे अग्रणी और एनआईएफटीईएम (किंडली) में एनटीआईबीआईएफ को अनुदान प्रदान किया गया। इस वर्ष के कुछ उच्च प्रभाव वाले ट्रैक नोडल एजेंसियों - आरबीआई-एच, एमओएफपीआई, एनएसडीसी और गोवा स्टार्ट-अप मिशन के सहयोग से विकसित किए गए थे। इन इनक्यूबेटरों के माध्यम से अनुदान प्राप्तकताओं में अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण आर्थिक मूल्य जोड़ते हुए सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव का प्रदर्शन करने वाले नवोन्वेषी स्टार्ट-अप शामिल हैं।

### बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एकेडमिक एक्सीलेंस दे रहा थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड यूनिवर्सिटी) में बीई/बीटेक एडमिशन 2024 के लिए एप्लीकेशन शुरू हो चुके हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले छात्रों को दिया जाता है। इन छात्रों के लिए न्यूनतम अंकों की आवश्यकता 60 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 55 प्रतिशत) होती है। संस्थान की अलग अलग ब्रांच में 3,000 से अधिक सीटों उपलब्ध है। छह दशक से अधिक समय से रिसर्च एक्सीलेंस की विरासत के साथ और भारत में प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) में 20वें स्थान पर रैंकिंग प्राप्त करने के साथ, टीआईईटी इंजीनियरिंग के उन छात्रों के लिए एक प्रमुख और पसंदीदा जगह है जो एकेडमिक एक्सीलेंस की तलाश में है।
टीआईईटी एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए पूरी तरह से समर्पित है, योग्य छात्रों को मेरिट और आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के माध्यम से पर्याप्त समर्थन प्रदान करता है। पिछले साल, यह समर्थन राशि 32 करोड़ रुपये से अधिक थी, जिसने उच्च शिक्षा के अपने सपनों का पूरा करने वाले छात्रों को और सशक्त बनाया। इसके अलावा, इंटरनेशनल इंजीनियरिंग प्रोग्राम (आईईपी) छात्रों को दुनिया भर में प्रसिद्ध पार्टनर यूनिवर्सिटी जैसे ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन, यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड, वर्जीनिया टेक, तल अवीव यूनिवर्सिटी और न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में आसानी से स्थानांतरित करने का अवसर प्रदान करता है।

## वनाग्नि मामले में हुई कार्रवाई पर भाजपा विधायक ने उठाए सवाल


विधायक लैन्सडाउन
कैम्प कार्यालयः रामीसैरा, पो०-डाँटियाल पट्टी-बदलपुर, लैन्सडाउन
विधायक निवास : बी- 27, रेसकोर्स, देहरादून
मो० 9412441936, 9456590886
उत्तराखण्ड सरकार
दिनांक 09/05/2024
सेवा में,
श्रीमान् पुष्कर सिंह धामी जी
माननीय मुख्यमंत्री
उत्तराखण्ड सरकार।
विषय:- उत्तराखण्ड में वनाग्नि के संबंध में।
मा० महोदय,
मुझे समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि उत्तराखण्ड में फैली भीषण आग को नियंत्रित ना करने क संबंध में कुछ निचले कर्मचारियों को लापरवाही बरतने में निलंबित किया गया है, मेरी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लैंसडाउन विधायक महंत दलीप रावत ने वनाग्नि मामले में वन कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर कहा है कि छोटे कर्मचारियों को निशाना बनाया गया, जिन्हें तनख्वाह भी समय से नहीं मिलती। जिम्मेदार अफसर लापरवाह बने हैं। उन्होंने निचले कर्मियों के विरुद्ध हुई कारवाई पर दोबारा मंथन की मांग की है।
लैंसडाउन विधायक ने पत्र में लिखा है कि मुझे समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि उत्तराखंड में फैली भीषण आग को नियंत्रित न करने के संबंध में कुछ निचले कर्मचारियों को लापरवाही बरतने में निलंबित किया गया है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि निचले कर्मचारियों का निलंबन करने से पहले यह ध्यान देना जरूरी है कि क्या अग्नि सुरक्षा के लिए निचले स्तर पर पूरे कर्मचारी नियुक्त है? क्या निचले स्तर पर अग्नि बुझाने के लिए पूरे संसाधन उपलब्ध हैं? धरातल पर मुझे यह भी अनुभव हुआ है कि फायर सीजन में रखे जाने वाले फायर वाचरों की संख्या पर्याप्त नहीं है। यदि होती भी है तो वह कागजों तक ही सीमित रहती है। निचले स्तरों पर फायर वाचरों की सुरक्षा के लिए उचित संसाधन नहीं रहते हैं और न ही जंगलों में आग बुझाने के दौरान घटनास्थल पर उनके लिए भोजन आदि की व्यवस्था रहती है।

**फायर लाइन पर कार्य करने के दिए सुझाव**
उन्होंने आगे लिखा कि यह भी संज्ञान में लिया जाना चाहिए कि ब्रिटिश काल में वनों के बीच अग्नि नियंत्रण के लिए फायर लाइन बनाई गई थी, जो आज कहीं दिखाई नहीं देती है जबकि वनों में आग लगने की स्थिति में यह फायर लाइन महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। ऐसे में फायर लाइन पर भी कार्य किया जाना चाहिए।

**वनों के प्रति जनता का होता रहा मोह भंग**
उन्होंने कहा कि वर्तमान में कड़े वन अधिनियमों के कारण स्थानीय जनता वनों से दूर होती जा रही है और उनके मन में यह भाव पैदा हो गया है कि यह वन हमारे नहीं हैं। इन वनों के कारण हमें जनसुविधाओं से वंचित किया जा रहा है जबकि ब्रिटिश काल में जंगलों की सुरक्षा जनसहभागिता के आधार पर की जाती थी परंतु उक्त व्यवस्थाओं से जनता का वनों के प्रति मोह भंग हो गया है।

## सार्वजनिक पार्क को खुर्द-बुर्द करने का लगाया आरोप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार स्थित मॉडल कॉलोनी आवास विकास के कुछ नागरिकों ने हरिद्वार विकास प्राधिकरण में शिकायत कर आरोप लगाया है कि कुछ लोग कॉलोनी के सार्वजनिक पार्क को खुर्द-बुर्द कर रहे हैं। शिकायत में कहा गया है कि मॉडर्न पब्लिक स्कूल स्थित सार्वजनिक पार्क पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। पार्क में 'यह पार्क नहीं है' का बोर्ड लगाकर पार्क के चारों तरफ 8 फुट ऊंची दीवार बना दी गई है तथा पार्क के अंदर अवैध निर्माण किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि आमजन व बच्चों को पार्क में जाने से जबरन रोका जा रहा है। इसको लेकर प्राधिकरण से कार्रवाई की मांग की गई है।

## सैम पित्रोदा के रंगभेद वाले बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की

घमासान

▶▶ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा के रंगभेद वाले बयान पर घमासान मचा है

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा के रंगभेद वाले बयान पर घमासान मचा है। उनके बयान पर कड़ी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।
इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पित्रोदा के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।



महेंद्र भट्ट ने गुरुवार को कहा कि सैम पित्रोदा का बयान रंगभेद को बढ़ावा देने वाला है। ये बयान भारत की एकता को भंग करने वाला है। कांग्रेस नेता का ये बयान देश के अंदर विभाजनकारी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। पूर्व उत्तर भारतीयों को चीनी, दक्षिण भारतीय को अफ्रीकी, पश्चिम में लोग अरबी जैसे दिखने का जो बयान है, ये भारत की एकता अखंडता के लिए घातक है।
भट्ट ने मांग की है कि उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए और कांग्रेस को ऐसे बयानबाजी करने वाले नेताओं को आजीवन पार्टी से बाहर करना चाहिए।

## मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री के लिए रवाना, कल खुलेंगे कपाट

गंगोत्री धाम

▶▶ वाद्य यंत्रों और आर्मी बैंड की धुन पर श्रद्धालुओं के साथ मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री धाम पहुंचेगी

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम कपाट खोलने की तैयारियों के बीच मां गंगा की उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास मुखीमठ (मुखवा) से गुरुवार दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री धाम के लिए रवाना हो चुकी है। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और आर्मी बैंड की धुन पर सैकड़ों की संख्या में भक्तों की मौजूदगी में मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। मां गंगा की डोली भैरव घाटी में रात्रि विश्राम करेगी। इसके पश्चात मां गंगा की डोली शुक्रवार सुबह गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान करेगी, जहां विधि विधान से पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 12:25 बजे गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन को खोल दिए जाएंगे।



गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह मां गंगा की पूजा-अर्चना होगी। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और आर्मी बैंड की धुन पर श्रद्धालुओं के साथ मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री धाम पहुंचेगी। जहां गंगा पूजन, गंगा सहस्त्रनाम के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दोपहर 12:25 बजे गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। उधर, विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शुक्रवार सुबह 10 बजकर 29 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले जाएंगे। इस दौरान पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल, कोषाध्यक्ष महेश सेमवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाबा केदार की पंचमुखी डोली गौरीकुंड से अपने धाम हिमालय के लिए रवाना

पंचमुखी डोली

▶▶ श्रद्धालुओं और स्कूली बच्चों ने बाबा केदार का जयघोष कर पंचमुखी डोली पर पुष्प वर्षा की ।

**रुद्रप्रयाग/गौरीकुंड/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली गुरुवार प्रातः 8:30 बजे गौरामाई मंदिर गौरीकुंड से केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान कर गई। श्रद्धालुओं और गौरीगांव के स्कूली बच्चों ने बाबा केदार का जयघोष कर पंचमुखी डोली पर पुष्प वर्षा की । केदारनाथ पैदल मार्ग पर जिला प्रशासन, पुलिस, गढवाल मंडल विकास निगम तथा स्थानीय दुकानदारों ने देव डोली का स्वागत किया। केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को खुलेंगे।



भगवान केदारनाथ की चलविग्रह उत्सव पंचमुखी मूर्ति की देवडोली को कई दशकों से बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के स्वयं सेवक एवं हक- हकूकधारी पांवों में बिना कुछ पहने पैदल चलकर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से केदारनाथ धाम तक पहुंचाते हैं।
छह मई को देवडोली ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से प्रवास के लिए पहुंची और सात मई को दूसरे पड़ाव फाटा पहुंची। आठ मई देर शाम डोली गौरामाता मंदिर गौरीकुंड पहुंची। गौरी माई मंदिर गौरीकुंड से आज बाबा की डोली अपने धाम हिमालय के लिए रवाना हुई। इसके सायंकाल केदारनाथ धाम पहुंचने की संभावना है। यहां डोली भंडार गृह में रात्रि प्रवास करेगी और दस मई को अक्षय तृतीया की पावन बेला में बाबा केदार के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए जाएंगे।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि देश-विदेश के सैकड़ों श्रद्धालु भी डोली के साथ केदारनाथ जा रहे हैं। आज गौरीकुंड में केदारनाथ धाम के पुजारी शिवशंकर लिंग, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण एवं यदुवीर पुष्पवान, डोली प्रभारी प्रदीप सेमवाल, प्रबंधक कैलाश बगवाड़ी, संजय तिवारी,भरत कुर्मांचली,कुलदीप धर्म्वाण, आलोक बजवाल,संजय कुकरेती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## चारधाम यात्रा रूट से पुलिस ने हटाया अस्थाई अतिक्रमण

गंगोत्री धाम

▶▶ वाद्य यंत्रों और आर्मी बैंड की धुन पर श्रद्धालुओं के साथ मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री धाम पहुंचेगी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में शुक्रवार से आरम्भ हो रही चारधाम यात्रा के मद्देनजर जनपद की यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।
एसएसपी के निर्देश पर एसपी सिटी के नेतृत्व में पुलिस ने गुरुवार को हरिद्वार में अस्थाई अतिक्रमण को हटाया है।
एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चारधाम यात्रा रूट पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाया।
साथ ही अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई कि अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-नीलामी
• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 01 एस.एल.आर: 18478 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 24.05.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
सहा. वाणिज्य प्रबंधक-II
उ.रे., मुरादाबाद
1410/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उत्तराखंड में पिछले 24 घंटों में वनाग्नि की घटना नहीं हुई : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी

**समीक्षा बैठक**

**वनाग्नि की घटनाओं की समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह जानकारी दी।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में पिछले 24 घंटों में वनाग्नि की कोई भी घटना नहीं हुई है। वनाग्नि की घटनाओं में पिछले दो दिनों से लगातार कमी आ रही है। केन्द्र गृह सचिव की अध्यक्षता में राज्य में वनाग्नि की घटनाओं की समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह जानकारी दी।

मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तराखंड में वनाग्नि से 0.1 प्रतिशत वन प्रभावित हुए हैं। इस सम्बन्ध में गलत आंकड़ों का दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा अपनी पूरी ताकत वनाग्नि नियंत्रण में झोंक दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वनाग्नि नियंत्रण के सम्बन्ध में निरन्तर समीक्षा व मॉनिटरिंग बैठक की जा रही है। उनके द्वारा भी लगातार मॉनिटरिंग बैठकों के साथ स्थिति पर सीधी निगरानी रखी जा रही है। पीसीसीएफ (हॉफ) द्वारा वन विभाग के फील्ड स्टाफ के साथ वनाग्नि मॉनिटरिंग हेतु लगातार बैठकें कर सभी डिवीजनों की जरूरतों के सम्बन्ध में जानकारी ली जा रही है। मुख्यालय स्तर के वरिष्ठतम अधिकारियों को जिलों में फील्ड में उतारा गया गया है। पीसीसीएफ (हॉफ) तथा एपीसीसीएफ वनाग्नि व आपदा प्रबन्धन द्वारा फील्ड ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) से प्राप्त फायर अलर्ट को तत्काल सम्बन्धित व्हाट्सएप ग्रुप्स में डाल कर क्रू टीम को उसी समय घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। एफएसआई से बड़ी संख्या में मिले फायर अलर्ट की विशेष मॉनिटरिंग करके वनाग्नि को कम से कम समय में नियंत्रित करने में सफलता मिली है।

मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में सक्रिय वन पंचायतों, वनाग्नि प्रबन्धन समितियों, महिला मंगल दलों, युवा मंगल दलों को जागरूक करके तथा उत्तरदायी बना कर गांवों के नजदीक के जंगलों में वनाग्नि नियंत्रण में सफलता मिली है। वनाग्नि नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामुदायिक संस्थाओं व फील्ड अधिकारियों को प्रोत्साहन, पुरस्कार व तत्काल बजट आंवटन से वनाग्नि नियंत्रण के प्रयासों को एक नई गति मिली।

मुख्य सचिव ने बताया कि वनाग्नि नियंत्रण में सभी सम्बन्धित विभागों, आपदा प्रबन्धन, फायर सर्विसेज आदि के कार्मिकों का सहयोग लिया गया है।

28 अप्रैल से 1 मई तक एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन ने नैनीताल फॉरेस्ट डिवीजन में वनाग्नि नियंत्रण में सहयोग किया तथा आज यह बटालियन गढ़वाल फॉरेस्ट डिवीजन पहुंच रही है।

# परशुराम जयंती की बधाई दी

**परशुराम जयंती**

**परशुराम जयंती पर परशुराम महासभा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून रोड स्थित एक वेडिंग सेंटर में परशुराम जयंती के अवसर पर गुरुवार को परशुराम महासभा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने शिरकत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लोगों को परशुराम जयंती की बधाई दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यक्रम में कहा कि पुराणों में आठ महापुरुषों का वर्णन है जिन्हें अजर-अमर माना जाता है, उनमें भगवान परशुराम भी हैं। उन्होंने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के दशावतारों में से छठवें अवतार हैं। उन्होंने कहा कि परशुराम को उनकी वीरता और पराक्रम के कारण जाना जाता है। उनका शस्त्र एक फरसा था जो कि महादेव ने उन्हें वरदान में दिया था।

मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि परशु प्रतीक है पराक्रम का और ह्यरामह्व पर्याय है सत्य सनातन का। उन्होंने कहा कि परशुराम का अर्थ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। उन्होंने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिए परशुराम की शस्त्रशक्ति भी अक्षय है और शास्त्र संपदा भी अनंत है।

इस मौके पर जगतगुरु शंकराचार्य अनंतानंद जी महाराज, महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, निवर्तमान मेयर अनिता ममगाईं, अध्यक्ष नगर पालिका देवप्रयाग कृष्ण कांत कोठियाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा, परशुराम महासभा अध्यक्ष संजय शास्त्री समेत अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### टाइटन वर्ल्ड लेकर आए हैं मदर्स डे के मौके पर दिल को छू जाने वाला कैंपेन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के सबसे व्यापक वॉच रीटेल नेटवर्क टाइटन वर्ल्ड, मदर्स डे के उपलक्ष्य में लेकर आए हैं दिल को छू जाने वाला कैंपेन जो आपके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण महिला-आपकी मां के साथ समय बिताने के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन मां और बेटे के बीच के गहरे रिश्ते को खूबसूरती से चित्रित करता है, जिसके तहत उपभोक्ता टाइटन वर्ल्ड स्टोर में अपनी मां को अनूठा सरप्राइज दे सकते है। फिल्म आपकी मां के प्रति प्यार की अभिव्यक्ति के लिए उनके साथ बिताए जाने वाले हर पल पर रोशनी डालती है, जो निःस्वार्थ भाव के साथ अपने परिवार की देखभाल करती है और अपना समय परिवार को समर्पित कर देती है।

इस मदर्स डे, टाइटन वर्ल्ड उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आए हैं जिसके तहत वे स्टोर में खुशनुमा जश्न में शामिल होकर अपनी मां को सरप्राइज दे सकते हैं और उन्हें यादगार अनुभव प्रदान कर सकते हैं। इस कैंपेन के तहत टाइटन वर्ल्ड के चुनिंदा स्टोर्स को खूबसूरत साज-सज्जा, केक, फूलों से सजाकर बेहतरीन जश्न के लिए तैयार किया जाएगा। इसी क्रम में उपभोक्ता हैण्ड-पेंटिंग गतिविधि में हिस्सा ले सकते हैं, जिसे अनूठे बंधन के प्रतीक के रूप में स्मृति चिन्ह की तरह तैयार किया जाएगा। ये गतिविधियां माताओं को उनके परिवार के साथ सही मायनों में प्यार और सराहना के कुछ यादगार पल बिताने का मौका देंगी।

इस अवसर पर राहुल शुक्ला, वाईस प्रेजीडेन्ट एवं चीफ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर- टाइटन वॉचेज ने कहा कि आज के दौर में टाइटन वर्ल्ड में हम ऐसा कैंपेन लेकर आए हैं जो ऐसी महिला के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के महत्व पर रोशानी डालता है, जिसने अपना पूरा जीवन हमें आयाम देने के लिए समर्पित कर दिया है। हमें खुशी है कि हम स्टोर में उपभोक्ताओं के लिए यह अनूठा अनुभव लेकर आए हैं, जो सुनिश्चित करेगा कि यह दिन आपकी मां के लिए और आपके लिए यादगार बन जाए। इसके अलावा आप टाइटन की ओर से ढेरों विकल्पों में से अपनी पसंद के विकल्प चुन सकते हैं, जिन्हें विभिन्न प्रकार की शैलियों और व्यक्तित्वों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

### सीडीपीओ की शिकायत लेकर आंगनबाड़ी कर्मचारी पहुंची उप जिलाधिकारी दरबार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) व आंगनबाड़ी कर्मचारियों के बीच अक्सर मामला उलझा रहता है। आंगनबाड़ी कर्मचारी बाल विकास परियोजना अधिकारी पर कई तरह के आरोप लगाती रही हैं। अधिकारी व कर्मचारियों के बीच कई बार बैठकर वार्ता भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। गुरुवार को आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी के रवैया को लेकर लक्सर उप जिला अधिकारी का दरवाजा खटखटाया और उन्हें मौखिक रूप से शिकायत की। उप जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कर्मचारियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी व आंगनबाड़ी कर्मचारियों को निश्चित समय देकर बुलाया गया है।

लक्सर उप जिलाधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने अपने बाल विकास परियोजना अधिकारी पर कई तरह के आरोप लगाए हैं, और कार्रवाई की मांग की है। अधिकारी व कर्मचारी दोनों को ही बुलाया गया है। दोनों तरफ की बात सुनी जाएगी, उसके बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल आंगनबाड़ी कर्मचारियों की ओर से मौखिक शिकायत की गई है। अगर मामला नहीं सुलझता है तो मामले पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### उप जिलाधिकारी गोपाल सिंह ने निकाय चुनाव को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान ने गुरुवार को एक बैठक ली। बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, बीएलओ, सभासद व कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

उप जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि नए मतदाताओं को सूची में जोड़ा जाए और उन सभी लोगों की लिस्ट बनाई जाए जो वोटर लिस्ट में किसी कारणवश छूट गए हों। बैठक में उप जिलाधिकारी के सामने कुछ शिकायतें भी रखी गईं।

### जयंती पर महाराणा प्रताप को अर्पित की श्रद्धांजलि

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार ब्यूरो के प्रदेशाध्यक्ष व भाजपा नेता एडवोकेट नवीन कुमार जैन ने महाराणा प्रताप सिंह की जयंती पर ब्यूरो पदाधिकारीयों व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पंकज नन्दा के साथ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्याग व शौर्य की विभूति महाराणा प्रताप सिंह के जयंती वर्ष पर हम सभी उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं।

भाजपा नेता एडवोकेट नवीन कुमार जैन ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य व वीरता के प्रतीक थे।

# मतदाता सूची को लेकर तहसीलदार ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**बैठक**

**बैठक में कांग्रेस नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियां हैं।**





**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए जारी मतदाता सूची को लेकर नगर निगम के टाउन हॉल में गुरुवार को हरिद्वार तहसीलदार प्रियंका रानी ने विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पर सुझाव लिए।

बैठक में कांग्रेस नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियां हैं। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में एक निश्चित स्थान पर बीएलओ को बैठाकर दुरुस्त किया जाए। भाजपा नेता सुनील अग्रवाल ने प्रदीप चौधरी की बात का समर्थन करते हुए कहा कि निगम कर्मचारी टाउन हाल में बैठकर ही मतदाता सूची को दुरुस्त करें।

वरिष्ठ पत्रकार मनोज सैनी ने कहा कि निगम की जो सूची उपलब्ध कराई गई है, उसमें अनेकों त्रुटियां हैं, उन त्रुटियों को समय पर निगम के टाउन हाल में ही बैठकर सुधारा जाए और नए मतदाता के लिए जो फार्म लिए जा रहे हैं, उनकी प्राप्ति दी जाए।तहसीलदार प्रियंका रानी ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर निगम द्वारा जो सूची जारी की गई थी, उसमें गड़बड़ियों की शिकायत प्राप्त हो रही है। इतना ही नहीं सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए भी भारी तादाद में फार्म आ रहे हैं। इन्हीं सब चीजों को लेकर राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक रखी गई थी, ताकि आने वाले निकाय चुनाव निष्पक्ष रूप से संपादित किए जाएं। उन्होंने बताया कि पूर्व में शासन ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु 7 दिन का समय दिया था जिसे 5 दिन और बढ़ा दिया गया है। अब यदि कोई मतदाता, निगम की सूची में नाम अंकित होने से छूट गया है, उसके नाम में त्रुटि है तो आगामी 12 मई तक सही करा ले।

बैठक में भाजपा से अनिरुद्ध भाटी, अनुज सिंह, प्रीत कमल, विनीत जॉली, कांग्रेस की तरफ से रवीश भटीजा, शुभम अग्रवाल, सुनील कुमार, जतिन हांडा, बृज मोहन बड़थवाल आदि ने अपने विचार और सुझाव तहसीलदार के सम्मुख प्रस्तुत किए।

# बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने किया निरीक्षण

**नोटिस**

**दो व्यापारियों को कालातीत खाद्य सामग्री को लेकर स्पष्टीकरण देने के नोटिस दिए गए हैं।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए यात्रा मार्गों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सघन निरीक्षण शुरू कर दिया है। गुरुवार को प्रभारी अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी ने बदरीनाथ राजमार्ग पर मायापुर में दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो व्यापारियों को कालातीत खाद्य सामग्री को लेकर तीन दिनों में स्पष्टीकरण देने के नोटिस दिए गए हैं।अमिताभ जोशी ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर जनपद में सघन निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। ऐसे में बीते दिनों मायापुर में एक होटल में कालातीत सामग्री रखने की सूचना पर गुरुवार को बाजार में सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान होटल व्यवसायी की ओर से तीन दिन पूर्व कालातीत बिस्कुट होने की बात स्वीकार की, वहीं एक अन्य दुकान में बिस्कुट के 30 पैकेट बरामद हुए।

### प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने राज्यपाल से की भेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल से गुरुवार को राजभवन में उत्तराखण्ड कैडर के प्रशिक्षु आईएएस दीपक सेठ, आशिमा गोयल और राहुल आनंद ने शिष्टाचार भेंट की।

इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें देवभूमि उत्तराखण्ड की सेवा करने का मौका मिला है। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भविष्य में उत्तराखण्ड की जनता के समग्र कल्याण के लिए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। उत्तराखण्ड विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों का राज्य है।

# मिस बॉडी ब्यूटीफुल में टीनेजर्स ने बिखेरे जलवे, 19 मई को होगा ग्रैंड फिनाले



**मिस टीन**

**इंबेलिश टैलेंट मैनेजमेंट की ओर से मिस टीन उत्तराखंड के चौथे सीजन का आयोजन किया जा रहा है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
इंबेलिश टैलेंट मैनेजमेंट की ओर से मिस टीन उत्तराखंड के चौथे सीजन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देहरादून सहित टिहरी, पौड़ी, चमोली, नैनीताल की टीनेजर्स लड़कियां प्रतिभाग कर रही हैं। इसी के तहत गुरुवार को पटेलनगर स्थित फिटनेस हब में मिस बॉडी ब्यूटीफुल टाइटल का आयोजन किया गया। इसमें टीनेजर्स ने अपनी अदाओं के जलवे बिखेरे।

आयोजक ख्याति शर्मा ने बताया कि 13 से 19 साल की लड़कियां इसमें हिस्सा ले रही हैं। अलग-अलग सब टाइटल के बाद 19 मई को इसका ग्रैंड फिनाले होगा। यहां से विनर मॉडल को नेशनल इंबेलिश मिस इंडिया टीन एशिया पैसिफिक के लिए जयपुर भेजा जाएगा। जहां देश भर की मॉडल्स पहुंचेंगी। वहां से चयन होने के बाद विनर को इंटरनेशनल के लिए भी भेजा जाएगा। ख्याति ने बताया कि ये कांटेस्ट उन टीनेजर्स लड़कियों के लिए है जो बचपन से ही अपनी आंखों में कुछ अलग करने का सपना तो रखती हैं, लेकिन उनको सही प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है। यह एक महिला और मॉडल होने के नाते लड़कियों के सपनों को पूरा करने का भरसक प्रयास है।

जजेज की भूमिका में मिस इंडिया टीन एशिया पैसिफिक 2023 रनरअप मानविका जैन, एंबेलिश मिस इंडिया 2023 चारु धवन, फिटनेस ट्रेनर शिव कटारिया, फिटनेस ट्रेनर आकाश बंधु थे। साथ ही कोरियोग्राफर निहारिका सिंह और फोटोग्राफर कुमार पीयूष का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा सरकार में विकास कार्य हुए अवरुद्ध : नवीन जोशी

**जनसंपर्क**

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और वॉर रूम के चेयरमैन नवीन जोशी ने भाजपा पर हमला बोला है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और वॉर रूम के चेयरमैन नवीन जोशी ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्य अवरुद्ध हुए हैं। इससे आम आदमी का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

नवीन जोशी गुरुवार को जनसंवाद से जनसमर्थन कार्यक्रम के तहत रायपुर विधानसभा के मसूरी एंकलेव सहस्त्रधारा रोड पर कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनसंपर्क कर कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा और क्षेत्रीय जनता की समस्याएं भी सुनीं।

नवीन जोशी ने कहा कि देहरादून शहर का बुरा हाल है। स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर में मात्र खानापूर्ति की गई है। भाजपा शासनकाल में मलिन बस्तियों को उजाड़ने का काम किया जा रहा है, जो निंदनीय है। इससे गरीब तबका डरा हुआ है और अपने सिर के ऊपर छत के लिए दर-बदर भटकने को मजबूर है। जोशी ने कहा कि बस्तियों को मालिकाना हक देने के लिए कांग्रेस दृढ़ संकल्पित है। जनता ने प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका निराकरण करने की मांग की। जोशी ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह उनकी समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाएंगे और उसका समाधान कराएंगे।

# बदरीनाथ हाईवे का निरीक्षण कर डीएम ने लिया यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

**निरीक्षण**

**बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर बाजपुर में हाइवे किनारे सुरक्षा के लिए क्रैश बैरियर लगाए जाए।**




**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन सक्रियता से जुटा है। चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर चमोली जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चमोली से जनपद की प्रवेश सीमा कमेडा तक हाइवे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर बाजपुर में हाइवे किनारे सुरक्षा के लिए क्रैश बैरियर लगाए जाए। मैठाणा में सड़क चैड़ीकरण कार्यो को तेजी से पूरा करें। मैठाणा, नंदप्रयाग, कमेडा और अन्य भूस्खलन जॉन के आसपास मलवे का त्वरित निस्तारण करते हुए ब्लैकटाप किया जाए। हाइवे पर मोड़ों की साफ सफाई और सुरक्षा के दृष्टिगत से साइनेज लगाए जाए।

जल संस्थान को यात्रा मार्ग पर स्थापित वाटर एटीएम, हैंडपंप और टीटीएसपी पर शुद्ध पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने के निर्देश दिए। सुलभ को यात्रा मार्ग पर स्थित शौचालयों में नियमित साफ सफाई, पानी और बिजली की आपूर्ति सुचारू रखने को कहा।

जिले की प्रवेश सीमा गौचर में चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन काउंटर और स्वास्थ्य जांच केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चेकपोस्ट पर तीर्थ यात्रियों के पंजीकरण के साथ यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय और अन्य सुविधाओं को दुरुस्त रखा जाए। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चेकपोस्ट पर स्थापित स्वास्थ्य केंद्र में विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए जनरेटर स्थापित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्रान्तर्गत यात्रा मार्ग पर स्वच्छता और यात्री सुविधा का नियमित निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश भी दिए।

# प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहाकार परिषद की रिपोर्ट पर जतायी चिंता

**जनसंख्या नियंत्रण**

**हिन्दुओं की जनसंख्या में 8 प्रतिशत की कमी हुई है, जबकि मुस्लिमों की संख्या में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्राचीन अवधूत मण्डल आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के बाद अनिवार्य हो गया है कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून शीघ्र लागू हो। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक देश में हिन्दुओं की जनसंख्या में 8 प्रतिशत की कमी हुई है, जबकि मुस्लिमों की संख्या में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून शीघ्र लागू होना चाहिए। जनसंख्या का असंतुलन यदि इसी प्रकार रहा तो देश में गृह युद्ध जैसे हालात हो सकते हैं। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि देश में हिंदुओं की आबादी में 7.8 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि इसी दौरान (1950-2015) मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की तेज वृद्धि हुई है।

## संपादकीय

# भाषण बेस्वाद हो चले


**लोकसभा** के इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां एक ओर अत्यंत गरिमाहीन व अमर्यादित भाषण दे रहे हैं, वहीं उनके बयान एकदम तथ्यहीन भी होते हैं जो देश के लिये आश्चर्य कम और झटके अधिक साबित हो रहे हैं। वैसे तो श्री मोदी जब से देश के राजनीतिक क्षितिज पर उभरे हैं, अपने वक्तव्यों से वे झूठ के अंबार खड़े कर रहे हैं। दो कार्यकाल के जरिये दस साल का शासन लगभग पूरे कर चुके प्रधानमंत्री ने जितने असत्य व अर्द्ध सत्य कहे हैं, उसकी चाहे जितनी बड़ी फेहरिस्त बना ली जाये, कई झूठ छूट ही जायेंगे। कई लोगों का मानना है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये अति व्यग्र मोदी तीन चरण के हो चुके मतदान के बाद अपनी साफ दिखती पराजय से इतने खौफ खाये बैठे हैं कि उन्होंने लोगों को प्रभावित करने के लिये अपने भाषणों में झूठ का तड़का बढ़ा दिया है। हालांकि उसकी मात्रा कुछ ऐसी ज्यादा हो चली है कि अब ये भाषण बेस्वाद व कड़ुए हो चले हैं। विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर वे अधिक हमलावर होते हैं। 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे के साथ दिल्ली की गद्दी पर 2014 में विराजमान हुए मोदी ने 2019 में कहीं बड़ा बहुमत हासिल किया था। इससे ताकतवर बने मोदी के सामने अब बड़ा लक्ष्य था 'विपक्ष मुक्त भारत' बनाने का जिसके लिये भारतीय जनता पार्टी ने तमाम अनैतिक उपाय किये। इनमें विरोधी दलों की सरकारों को गिराने से लेकर विपक्षियों को डरा-धमकाकर या खरीदकर अपने खेमे में लाना शामिल था। उन्हें भी भाजपा में शामिल किया गया जिन पर उसकी ओर से भ्रष्टाचार या परिवारवाद के आरोप लगाये जाते रहे हैं। इसकी भी बहुत बड़ी सूची है। इस 'ऑपरेशन लोटस' के चलते देश का संघीय ढांचा ही नहीं वरन पूरी की पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली ही ध्वस्त कर दी गई। विपक्ष के कमजोर होने से मोदी सतत मजबूत होते चले गये। उन्होंने खुद को एकमात्र विकल्प बनाये रखने के लिये प्रतिपक्ष के साथ ही खुद की पार्टी को भी अपनी मुठ्ठी में कर लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी उनके सामने एक नहीं चलती, जिसके कार्यकर्ता के रूप में खुद उनका सार्वजनिक जीवन शुरू हुआ था। दूसरी ओर दस वर्षों में देश की संसद के साथ सभी संवैधानिक संस्थाओं को किस कदर कमजोर कर दिया गया- यह हर कोई देख रहा है। सारे फैसले चुनिंदा लोगों के हित में लिये जा रहे हैं। देश के सार्वजनिक उपक्रम कौड़ियों के मोल प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्रों के नाम चढ़ चुके हैं। प्रतिरोध की आवाजें उठनी ही बन्द हो गई थीं। विरोधी सांसदों समेत अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को मोदी कुचलते चले गये। संसद के भीतर जनविरोधी फैसले कभी विरोधियों की अनुपस्थिति में तो कभी बिना चर्चा के, कभी अध्यादेशों के द्वारा या फिर सामान्य आदेशों के माध्यम से लिये गये। सभी राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक शक्तियां नरेंद्र मोदी ने अपनी जेबों में डाल दी हैं। देश में जातिवाद व साम्प्रदायिकता का चरम तो दिख ही रहा है, पूंजीवाद भी अपने उत्कर्ष पर है। प्रधानमंत्री मोदी के परम मित्र गौतम अदानी एवं मुकेश अंबानी को जिस मनमाने ढंग से भाजपा सरकार द्वारा फायदा पहुंचाया गया, उसकी गूंज देश के भीतर ही नहीं वरन विदेशों में भी पहुंच चुकी है। सितम्बर, 2022 के बाद समय ने पलटना शुरू किया जब राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से श्रीनगर की पैदल यात्रा निकाली। इससे जहां एक ओर राहुल की वह छवि ध्वस्त हो गई जो भाजपा के आईटी सेल द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई थी, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पुनर्जीवित हो उठी। बड़ा परिवर्तन वह आया जिसका लोकतांत्रिक मूल्यों में भरोसा रखने वाली अवाम बेसब्री से इंतजार कर रही थी।

# सबसे बड़ी कुप्रथा: नासूर बनते बाल विवाह

रमेश सर्राफ धमोरा

> "अगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। तो इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण है इसके प्रति सामाजिक जागरुकता की कमी। जब तक समाज में बल विवाह रोकने के प्रति जागरूकता नहीं आएगी तब तक यह कुरीति खत्म नही होने वाली है। बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। सिर्फ कानून के भरोसे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को नहीं रोका जा सकता है। देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा तथा बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना होगा। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करना होगा"

**हमारे** देश में प्राचीन समय से कुछ ऐसी प्रथाएं चली आ रही है। जिसका लोगों के दैनिक जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जिनमें बाल विवाह भी एक हैं। किसी भी बच्चे की शादी उसके निश्चित आयु से पहले यानी बाल्यकाल में होना बाल विवाह कहलाता है। यह एक रूढ़िवादी प्रथा है। यह प्रथा बच्चों की सारे मनवा अधिकारों को खत्म कर देता है। जैसे- खेलकूद, मनोरंजन, शिक्षा आदि के अधिकारों को समाप्त कर उन्हें ऐसे बंधन में बांध दिया जाता है, जिसके बारे में उन्हें बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है। प्राचीन सभी प्रथाओं में बाल विवाह सबसे बड़ा कुप्रथा है। क्योंकि कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने से उनके स्वास्थ्य, शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनके खुशहाल जीवन पर असर पड़ता है। साथ ही वह अपने शिक्षा और खेलकूद के अधिकारों आदि से वंचित रह जाते हैं। इस कुप्रथा का शिकार ज्यादातर कम उम्र की लड़कियां होती है। बाल्यकाल में विवाह होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पाता है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। यह जीवन का एक कड़वा सच है कि आज भी छोटे-छोटे बच्चे इस प्रथा की भेंट चढ़े जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। आजकल कई लड़कियां खुद भी आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाने का प्रयास करने लगी है। भारत में यह प्रथा लम्बे



समय से चली आ रही है जिसके तहत छोटे बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते। जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं। जिनकी उम्र अभी पढने लिखने की होती है। उन्हे बाल विवाह के बंधन में बांधकर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में महिलाओं में साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना, शिक्षा के प्रसार के कारण लड़कियों के प्रति अभिभावकों की सोच में परिवर्तन आना, शहरीकरण में वृद्धि तथा कठोर कानूनों की उपस्थिति को माना जा सकता है। भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है। लेकिन देश में पांच लड़कियों में से एक और छह लड़कों में से एक की अभी भी बचपन में शादी कर दी जाती है। हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है। दिसंबर 2023 में द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य व केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में क बदलाव आया है। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है। बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया। जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। बाल विवाह के प्रचलन में सबसे बड़ी कमी 2006 और 2016 के बीच हुई। सबसे कम कमी 2016 से 2021 के बीच हुई। इन बाद के वर्षों के दौरान छह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में बालिका विवाह में वृद्धि देखी गई। आंकड़ों से साफ है कि आजादी के 77 साल बाद भी इस देश में महिलाओं की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है। हम अपनी बेटियों को बाल विवाह और कम उम्र की गर्भावस्था से नहीं बचा पाए हैं। यही कारण है कि इस देश में 50 फीसदी से ज्यादा महिलाएं और बच्चे एनीमिया (रक्ताल्पता) के शिकार हैं। यूनिसेफ द्वारा जारी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत के कई क्षेत्रों में अब भी बाल विवाह हो रहा है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ दशकों के दौरान भारत में बाल विवाह की दर में कमी आई है। लेकिन कई प्रदेशों में यह प्रथा अब भी जारी है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की यह कुप्रथा आदिवासी समुदायों सहित कुछ विशेष जातियों के बीच प्रचलित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बालिका शिक्षा की दर में सुधार, किशोरियों के कल्याण के लिये सरकार द्वारा किये गए निवेश व कल्याणकारी कार्यक्रम और इस कुप्रथा के खिलाफ सार्वजनिक रूप से प्रभावी संदेश देने जैसे कदमों के चलते बाल विवाह की दर में कमी देखने को मिली है। यूनिसेफ के अनुसार अन्य सभी राज्यों में बाल विवाह की दर में गिरावट लाए जाने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। किंतु कुछ जिलों में बाल विवाह का प्रचलन अब भी उच्च स्तर पर बना हुआ है। यह रिपोर्ट हमारे सामाजिक जीवन के उस स्याह पहलू कि ओर इशारा करती हैं। जिसे अक्सर हम रीति-रिवाज व परम्परा के नाम पर अनदेखा करते हैं। देश में बाल विवाह के खिलाफ कानून बने हैं और समय-समय पर उसमें संशोधन कर उसे ओर प्रभावशाली बनाया गया हैं। फिर भी लगातार बाल विवाह हो रहे हैं। भारत में बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम सन 1929 में पारित किया गया था। बाद में सन 1949, 1978 और 2006 में इसमें संशोधन किये गए। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराने पर 2 साल की जेल व एक लाख रुपए का दंड निर्धारित किया है। अगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। तो इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण है इसके प्रति सामाजिक जागरुकता की कमी। जब तक समाज में बल विवाह रोकने के प्रति जागरूकता नहीं आएगी तब तक यह कुरीति खत्म नही होने वाली है। बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। सिर्फ कानून के भरोसे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को नहीं रोका जा सकता है। देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा तथा बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना होगा। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करना होगा। सरकार को भी बाल विवाह की रोकथाम के लिये बने कानून का कड़ाई से पालन करवाना होगा। बाल विवाह प्रथा के खिलाफ समाज में जोरदार अभियान चलाना होगा। साथ ही सरकार को विभिन्न रोजगार के कार्यक्रम भी चलाने होंगे ताकि गरीब परिवार गरीब परिवारों की बच्चियां बाल विवाह का निशाना न बन पाएं।

## कविता

### आसमां के स्वामी

आसमां को देखकर, धरती पुकारती है
उठती है आग दिल मे, ठंडक तलाशती है
ये आस भारी निगाहें, क्यो नम पड़ी हुई है
आजा! अब आरजू मेरी, ये दूरियाँ तड़पाती है।

तपिस भारी चुभन में, तर बतर हुआ तन है
कांटें सी चुभती दूरी, किया बहुत जतन है
आसमान के स्वामी, न आक मुझको कमतर
एक बार करदे तू, मुझको करदे तर-बतर।

ये आँख नम हुई है, तेरे दीदार के खातिर
ये टकटकी लगी है, इंतजार में हूँ माहिर
मेघ के रखवाले, काली घटा के स्वामी
मुझको तू पूरा भरदे, अडसे से हूँ मैं खाली।

तेरी नजर से अब तो, मेरी नजर मिलाले
मत फेर आँखे मुझसे, सीने से तू लगाले
आई है बेला ऐसी, प्यासे सावन के जैसी
मत दूर रहना मुझसे, तू दूरियाँ मिटाले।

आसमां को देखकर, धरती पुकारती है
मिलने की आस में, खुद को सबारती है
तपिस भरी बैचेनी, ठंडक तलाशती है
मिलने को 'श्याम' धरती, ऊपर निहारती है ।

श्याम कुमार

## पुतिन फिर पांचवीं बार रूस के सर्वे सर्वा

संजीव

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन फिर रूसी सरकार के पांचवें राष्ट्रपति चुने गए। उन्होंने रूस के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में 33 शब्दों में शपथ ग्रहण की है। उनके पांचवीं बार शपथ ग्रहण लेते ही विश्व में शांति स्थापना के प्रयासों को एक बड़ा झटका लगा है । इस शपथ ग्रहण समारोह का रूस,ब्रिटेन तथा अन्य यूरोपीय देशों ने बहिष्कार कर दिया। 2000 में पहली बार व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री चुने गए थे, उसके बाद 2004 2012 और 2018 में राष्ट्रपति की शपथ ले चुके हैं। व्लादिमीर पुतिन के राष्ट्रपति चुने जाने के साथ ही वैश्विक देश तथा अन्य संगठनों के विश्व स्तर पर चलाए जा रहे शांति प्रयासों में निराशा जनक वातावरण तैयार हुआ है। व्लादिमीर पुतिन को साम्राज्यवादी विचारधारा का बड़ा समर्थक बताया जाता है और इसी विस्तारवादी सनक के चलते उन्होंने यूक्रेन में बड़ा सैनिक हमला किया था, अरबो रुपए के नुकसान तथा जान माल की हानि के बाद भी युद्ध अभी तक जारी है। अभी भी व्लादिमीर पुतिन तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति के हौसले लड़ाई के लिए बुलंद देखे जा रहे हैं।

रूस में 2000 से लेकर 2024 तक व्लादिमीर पुतिन 5 बार राष्ट्रपति चुने गए हैं इस दौरान अमेरिका में पांच अलग-अलग राष्ट्रपति और ब्रिटेन के सात प्रधानमंत्री बदले जा चुके हैं। शपथ लेने के बाद कांस्टीट्यूशनल कोर्ट के अध्यक्ष वालेरी जरकिन ने स्वागत किया और विक्ट्री शेक हैंड किया। पुतिन ने शपथ ग्रहण के बाद 21 तोपों की सलामी लेते हुए राष्ट्रगान भी किया इसके बाद उन्होंने अपनी स्पीच में कहा कि हम उन देशों से बात करने सहर्ष तैयार हैं जो हमें परंपरागत दुश्मन समझते हैं। हम अन्य देशों से अपने संबंध बेहतर बनाना चाहते हैं उल्लेखनीय की शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका ब्रिटेन यूरोप के अन्य देशों ने बहिष्कार किया है हालांकि भारत के राजदूत विनय कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। दिनांक 15 मार्च से 17 मार्च 24 तक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित किए गए थे इसमें व्लादिमीर पुतिन को 88% वोट मिले थे और उनके विरोधी निकोले खरातीनोव केवल 4% वोट ही मिले हैं।

वैश्विक स्तर पर इस चुनाव को गैर-पारदर्शी और गैर-निष्पक्ष चुनाव माना गया है क्योंकि इस चुनाव में पुतिन का कोई खास विरोध नहीं किया गया था। रूस में जोसेफ स्टालिन के बाद व्लादिमीर पुतिन ही सबसे ज्यादा समय से राष्ट्रपति बने हुए हैं रूस की जनता उन्हें कितना पसंद करती है यह तो नहीं मालूम पर वर्ष 2000 से 24 तक व्लादिमीर पुतिन ने रूस में आर्थिक सामरिक तथा सामाजिक परिवर्तन किए हैं एवं लगातार यूरोपीय देशों का विरोध करते आ रहे हैं। पिछले 2 वर्ष से ज्यादा समय से यूक्रेन से साम्राज्यवादी युद्ध की आधारशिला भी व्लादिमीर पुतिन ने ही रखी है एवं अभी भी युद्ध जारी है। यह तो तय है कि वैश्विक स्तर पर बाहुबली अमेरिका, ब्रिटेन,कनाडा, फ्रांस की वैश्विक दादागिरी को रूस व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में चेक एंड बैलेंस करने में कामयाब रहा है।

## विचार

# सैम अंकल की टिप्पणी चुनावी मुद्दा क्यों ?

राकेश

**सैम** अंकल यानि सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी से 56 इंच का सीना सिकुड़कर 36 इंच का हो गया। अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पद्म अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए। सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी -कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है।

आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो ,इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं।सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था।सैम अंकल भी मोदी जी कि ही तरह गरीब और पिछड़े परिवार से आते हैं मोदी जी और सैम अंकल में फर्क सिर्फ इतना है कि मोदी जी कि शैक्षणिक उपाधियों को लेकर चुनातियाँ दी गयी हैं ,उन पर संदेह जताया गया है जबकि सैम अंकल कि उपाधियों को लेकर कोई विवाद नहीं है। पित्रोदा ने अपनी शुरूआती पढ़ाई गुजरात के वल्लभ विद्यानगर से पूरी की। इसके साथ ही वडोदरा के महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर किय। इसके बाद वो 1964 अमेरिका चले गए और वहां से उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर उपाधि हासिल की फिर उन्होंने 1965 से टेलिकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया. साल 1981 में पित्रोदा भारत वापस लौट आए। माननीय मोदी जी मानें या न माने किन्तु पूरी दुनिया और देश मानता है कि भारत आकर पित्रोदा ने देश की टेली कम्युनिकेशन सिस्टम को आधुनिक बनाने के बारे में सोचा और शायद इसीलिए उन्हें भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है। भाजपा जब कुल चार साल कि थी तब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निमंत्रण पर 1984 में उन्होंने टेलीकॉम के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए सी-डॉट अर्थात ह्यसेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलिमैटिक्सह्न की स्थापना की थी। पित्रोदा की क्षमता से राजीव गांधी बेहद प्रभावित हुए. जिसके बाद उन्होंने पित्रोदा को डोमेस्टिक और फॉरेन टेलीकॉम पॉलिसी पर काम करने को कहा.आज की सरकार को शायद पता है या नहीं किन्तु हकीकत ये है कि सैम अंकल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से प्रौद्योगिकी को डिजिटल बनाने की जरूरत पर बात की। इंदिरा गांधी पित्रोदा से काफी प्रभावित हुईं। अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद भी इंदिरा गांधी के बुलावे पर पित्रोदा भारत आ गए और यहां की नागरिकता ले ली। ये उनका अपना राष्ट्रवाद था। इंदिरा गांधी के निधन के बाद राजीव गांधी ने अपनी सरकार में पित्रोदा को अपना सलाहकार नियुक्त किया. इस सरकार में उन्होंने दूरसंचार, जल, साक्षरता, टीकाकरण, डेयरी उत्पादन और तिलहन से संबंधित छह प्रौद्योगिकी मिशनों का नेतृत्व किया. साल 2005 से 2009 तक सैम पित्रोदा भारतीय ज्ञान आयोग के अलावा वे भारत के दूरसंचार आयोग के संस्थापक और अध्यक्ष भी रहे।सैम अंकल की टिप्पणियों को चुनावी मुद्दा बनाना भाजपा की विवशता है क्योंकि उसे नहीं पता कि सैम अंकल राजीव गांधी की हत्या के बाद वापस अमेरिका चले गए। 1995 में उन्हें इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन इनिशिएटिव का चेयरमैन बनाया गया।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# जलकर मरना है...

डॉ. सुरेश कुमार

**फिर** किसी ने एकतरफा प्रेम में सात लोगों को जिंदा जला दिया। जलाने की चिंगारी जलने से शुरू होती है और जलने की प्रक्रिया में बाहर का जलना भीतर के जलने की तुलना में बेबस नजर आता है। वैसे ये बातें आँखोंदेखी-कानोंसुनी कलम की स्याही से लिखी जाती हैं। इसीलिए समाचार पत्र के पन्नों पर छपी ऐसी खबरों को पलटने में तकलीफ नहीं होती। भोगने वाले इसी को दर्द की स्याही से अपने मन-मस्तिष्क पर लिख लेते हैं। इसीलिए जिनके लिए यह एक सामान्य सी खबर बनकर रह जाती है, वही कुछ लोगों के जीवन में अरमानों की कब्र बनकर रह जाती है। दर्द की स्याही से लिखी बातों को समझने के लिए शब्दकोश की नहीं हृदय की आवश्यकता पड़ती है। शब्दकोश फलाँ अक्षर से आरंभ होकर फलाँ अक्षर तक जाकर समाप्त हो जाते हैं। दर्द के मामले में पदबंध के नियम भी धराशायी हो जाते हैं। न इसका भाषा भेद पहचाना जा सकता है, न वचन, न लिंग और न काल। यह तो इन सबसे परे है। जलना और जलाना भाषा, वचन, लिंग और काल से ऊपर है। चीखों की कोई भाषा नहीं होती। इसमें वचन नहीं बेचैन का बोलबाला होता है। लिंग तो मात्र पहचान है, वास्तव में जलना और जलाना उसका प्रारब्ध है। काल की दृष्टि से यह अतीत और भविष्य के साथ साथ शोरगुल का कलकल है। प्रेम की दाल में जोर-जबरदस्ती का तड़का लग जाए तब उसमें से खुशबू नहीं जलने की बू आने लगती है। एकतरफा प्रेम यह मान लेता है कि उसका प्रेम हर हाल में स्वीकार्य होना चाहिए। बाजार में स्वीकार्य बनाने की कई सुविधाएँ उपलब्ध हैं। माचिस, तेल, चाकू, तलवार, एसिड, फंदा और जहर ऐसे एकतरफाओं के शब्दकोश में मोटे और गहरे स्याही में छपे पड़े होते हैं। इनके लिए किसी पादटिप्पणी की आवश्यकता नहीं पड़ती। ये अपने आप में इतने व्याप्त हैं कि बेबसों की बेबसी को बस्साने पर मजबूर कर देते हैं। इनके हिसाब से प्रेम का मतलब एक-दूसरे को काटकर खा जाना है। यह एक ऐसा रसायन है जो शरीर के कार्बन को इतना काला कर देता है कि एकतरफा प्रेमी का नाम जो भी हो वह नाम से काला, काम से काला और खून से भी काला होता है।

## मेडिकल प्रोफेशनल बनने की यात्रा

विजय गर्ग

**भारत में** कई छात्रों के लिए मेडिकल प्रोफेशनल बनना एक सपना है। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) देश में चिकित्सा और दंत चिकित्सा में करियर बनाने का प्रवेश द्वार है। इस लेख में, मैं एक एनईईटी उम्मीदवार की यात्रा और उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने में एनईईटी कोचिंग की भूमिका का पता लगाऊंगा। हम नीट परीक्षा के विवरण, इसके महत्व और पेशेवर कोचिंग प्राप्त करने के लाभों के बारे में जानेंगे। चाहे आप नीट की तैयारी करने वाले छात्र हों या अपने बच्चे का मार्गदर्शन करने वाले माता-पिता हों, यह लेख आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ने में मदद करने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। तो, आइए एक चिकित्सा पेशेवर बनने की यात्रा शुरू करें और जानें कि कैसे नीट कोचिंग इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू हो सकती है। नीट कोचिंग: नीट क्या है? राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा का संक्षिप्त रूप है, भारत में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। यह देश भर के सरकारी और निजी कॉलेजों में स्नातक चिकित्सा और दंत चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के लिए एकमात्र प्रवेश परीक्षा है। नीट को 2013 में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा पेश किया गया था और बाद में सभी राज्य स्तरीय मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की जगह ले ली गई। नीट कोचिंग: नीट के लिए पात्रता मानदंड नीट के लिए पात्र होने के लिए, उम्मीदवारों को कुछ मानदंडों को पूरा करना होगा, जिनमें शामिल हैं: आयु: न्यूनतम आयु सीमा 17 वर्ष है, और नीट में उपस्थित होने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है। शैक्षिक योग्यता: उम्मीदवारों को भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और अंग्रेजी के मुख्य पाठ्यक्रम के साथ 10+2 प्रमाणपत्र या इसके समकक्ष अर्जित होना चाहिए। न्यूनतम प्रतिशत: सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को योग्यता परीक्षा में कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करने होंगे, जबकि आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 40% अंक की आवश्यकता होती है। एनईईटी कोचिंग: एनईईटी परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम नीट एक पेन-एंड-पेपर-आधारित परीक्षा है जिसमें कुल 200 बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### बाइक के हैंडल पर टंगा 60 हजार रुपयों से भरा बैग चोरी

**गन्नौर। बेगा रोड पर** दुकान के बाहर खड़े सेल्समैन की बाइक से पैसों सा भरा बैग चोरी हो गया। सेल्समैन ने मामले की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में पुरखास राठी गांव के बिजेंद्र ने बताया कि वह सेल्समैन है और दुकानों पर समान सप्लाई करने का काम करता है। 8 मई की दोपहर को वह बेगा रोड पर किराने की दुकान पर समान देने गया था। उसके पास के बैग था, जिसमें आरसी, आधार कार्ड, लाइसेंस व करीब 60 हजार रुपये थे। वह बैग को बाइक हैंडल पर टंगा छोड़ कर समान देने किराने की दुकान पर चला गया। इस दौरान एक युवक आया और उसका बैग उठा कर आपने साथी के साथ स्कूटी पर फरार हो गया। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। जल्द ही चोरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 11 केवी के फीडर से तार चोरी

**गन्नौर। आहुलाना स्थित** 11 केवी के फीडर से चोर तार चोरी कर ले गए। बिजली निगम के एसडीओ ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में निगम के एसडीओ अभिषेक ने बताया कि 2 व 3 मई की रात को चोर आहुलाना से 11 केवी के फीडर की करीब 2400 मीटर तार चोरी कर ले गए। जिस कारण विभाग को करीब 1 लाख 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### एमेजॉन में देबार्पिता दास का मातृत्व एवं करियर में संतुलन बनाने का प्रेरणाप्रद सफर

**करनाल।** मदर्स डे माँओं और बच्चों के पालन-पोषण में माँ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित करने का एक विशेष अवसर है। आज की व्यस्त दुनिया में वो अपने परिवारों की देखभाल करने के साथ ही काम में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। इन प्रेरणाप्रद माँओं में से एक हैं देबार्पिता दास, जो एक वर्ष की बेटी की माँ होने के साथ ही एमेजॉन इंडिया में प्रोग्राम मैनेजर भी हैं। देबार्पिता एमेजॉन में 2017 में मैनेजर-कस्टमर सर्विस के रूप में शामिल हुई और वर्तमान में वे फाइनेंस (ऑपरेशंस) डिवीजन में प्रोग्राम मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। वे एडब्लूएस, एमेजॉन के डिजिटल और डिवाइसेज बिजनेस के प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व करती हैं, जो दस भौगोलिक क्षेत्रों में फैले हुए हैं। देबार्पिता के मुख्य प्रोजेक्ट्स में एमेजॉन इंडिया के पहले ऑल-वीमेन वर्चुअल कस्टमर सर्विस (वीसीएस) का लॉन्च शामिल है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने का एक अभियान है।



देबार्पिता ने 2023 में एक बच्ची को जन्म देकर अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया। अपनी बेटी की देखभाल के लिए उन्होंने एक लंबा मैटरनिटी अवकाश लिया। इसी दौरान उन्हें एमेजॉन के पैरेंटएक्स प्रोग्राम और इसके लाभों के बारे में पता चला। पैरेंटएक्स प्रोग्राम का उद्देश्य कर्मचारियों को अभिभावक के रूप में अपना अनुभव बेहतर बनाने में मदद करना है। यह प्रोग्राम सहकर्मियों का ग्रुप सपोर्ट और स्नेह बढ़ाकर पैरेंटल विषयों पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराता है। इस प्रोग्राम के बारे में उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे इस संगठन का हिस्सा बनने पर गर्व है, जो नए अभिभावकों की सेहत को प्राथमिकता देता है। पैरेंटएक्स प्रोग्राम मेरे लिए काफी मददगार रहा, खासकर उस समय इससे मुझे काफी सपोर्ट मिली, जब एक लंबे मैटरनिटी अवकाश के बाद मैं काम पर वापस आई। शुरू में मुझे अपनी बेटी को पर्याप्त समय नहीं दे पाने के कारण गलती का अहसास होता रहता था, लेकिन इस प्रोग्राम ने मुझे सांत्वना और मार्गदर्शन दिया।

# सिख समुदाय भी 400 पार के संकल्प मे भागीदार होगा: सरदार गुरप्रीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारतीय जनता** पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी एवं सद्भाव अभियान के लोकसभा चुनाव के प्रभारी के रूप मे आज पत्रकारवार्ता मे सरदार गुरप्रीत सिंह ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सिख समुदाय के लिये बहुत काम किया है जिन मे विशेष रूप से करतारपुर कॉरीडोर बनाया जाना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना भगवान राम जी का भव्य मंदिर, सिख समाज की भावना करतारपुर कॉरीडोर से जुड़ी हुई है कोरीडोर बनने से पूरे देश का सिख समाज मोदी जी का मुरीद हो गया है इतना ही नहीं छोटे शाहीबजादो



की याद मे वीर बाल दिवस की घोषणा करना तथा सिख गुरुओं की याद में 550 साला व 350 साला समागम देश भर मे मनाए जाने की घोषणा हुई जिस कारण प्रदेशों के मुख्यमंत्रीयो ने अपने अपने आवासों पर गुरुग्रंथ साहब जी का प्रकाश कर बड़े समागम हुए तथा स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर बड़ा समागम किया जिस मे देश भर के बड़े जत्थेदायर भी शामिल हुये सिख समुदाय के हर प्रोग्राम मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने सर पर खंडे वाला रुमाला बांध कर गुरुग्रंथ साहब जी को दंडवत प्रणाम करते रहते है इसके अलावा कई योजनाये सीखो के लिये चलाई है उन्होंने बताया है की अब सिख समाज का फर्ज है की भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने के लिये कमल का बटन दबाकर नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत करे व मोदी जी के संकल्प 400 पार के लक्ष्य में सिख समुदाय सहयोगी बने `कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी नवीन जिंदल के बारे मे कहा की कुरुक्षेत्र के लोग भाग्यशाली है उन्हे समाज सेवक उमीदवार मिला है इसलये 25 मई को कमल का बटन दबाकर नवीन जिंदल जी को विजय बनाये जिस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनकर सिख समाज के लिये जादा कार्य करने की शक्ति प्राप्त हो `पत्रकार वार्ता से पहले कुरुक्षेत्र जिला परिषद के पूर्व चेयरमेन गुरदयाल सिंह सुनहेड़ी जी ने गुरूप्रीत जी को फूलों का गुलदस्ता देकर कर स्वागत किया तथा मोजूद कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओ से स्वागत किया भाजपा कुरुक्षेत्र लोकसभा मीडिया प्रभारी शेलेश वत्स , विकसित भारत विकसित हरियाणा के सयोजक रघुमल भट्ट, भाजपा हरियाणा अनु. मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल पाली, महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा बाल्मीकि, दीपक रत्न व अन्य उपस्थित रहे।

## श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट ने दो बालिकाओं के विवाह में दिया सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम की लाडली योजना के अन्तर्गत संस्थान के आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण गरीब परिवारों की लडकियों के विवाह में सहायता के रूप में विवाह का सामान जैसे कि पलंग, गददा, अलमारी, पंखा एवं बर्तन आदि प्रदान किया जाता है। देवेन्द्र माथुर, उप महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया कि श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, पानीपत द्वारा अपने इसी कार्यक्रम लाडली योजना के अन्तर्गत ग्राम सुताना की मोनिका एवं ग्राम मतलौडा की सुश्री काजल के विवाह में उपरोक्त विवाह का सामान पलंग, गददा, अलमारी, पंखा एवं बर्तन आदि प्रदान किया गया। उपरोक्त समारोह में श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, पानीपत के अधिकारी प्रियंका चौधरी, राहुल भारद्वाज एवं रंजीत भी इस अवसर पर मौजूद रहें। ग्राम सरपंच एवं लडकी के माता-पिता द्वारा श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, पानीपत का इस नेक कन्यादान के लिए बहुत साधुवाद दिया।

## डी ए वी सैंटेनरी स्कूल में ' मदर्सडे हर्षोल्लास के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**डी ए वी सैंटेनरी** पब्लिक स्कूल समालखा में ' मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया। 12वीं कक्षा की छात्रा नेहा ने संयोजकता करते हुए माता के संदर्भ में बताते हुए कहा कि माता का स्थान सबसे ऊंचा है। इसके पश्चात खुशी किंजल तथा सुनैना ने लुकाछिपी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया तथा लक्ष्य ने मां जन्नत का फूल है माता के ऊपर कविता पाठ किया।



तत्पश्चात पूर्वा एवं ऋषिका ने तू कितनी सुंदर है तू कितनी भोली है प्यारी प्यारी है ओ मां ओ मां गीत प्रस्तुत किया । इसके बाद अक्षु अहाना अविशा और परी ने उंगली पकड़ कर तूने चलना सिखाया गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि शास्त्रों में जननी जन्मभूमि च स्वर्गादपि गरीयसि। ऐसा कहा गया है अर्थात माता और मातृभूमि हमें स्वर्ग से भी बढ़कर है।

माता का प्यार तीनों लोको की सभी मिठास से बढ़कर है। हम मां का कहना मानकर और उनकी सेवा करके उनके ऋण से उऋण हो सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सोने का कड़ा ठगने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

### इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान राजेश निवासी कैथल के रूप में हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

समालखा काठ मंडी में दुकान पर बैठे बुजुर्ग को सम्मोहित कर हाथ से सोने का कड़ा उतरवा कर फरार होने वाले आरोपी को थाना समालखा पुलिस बुधवार को उत्तराखंड की हरिद्वार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान राजेश निवासी कैथल के रूप में हुई। आरोपी ठगी के अन्य मामले में उत्तराखंड की हरिद्वार जेल में बंद था। आरोपी के खिलाफ करनाल, फतेहाबाद व उत्तराखंड के हरिद्वार में ठगी की वारदातों के आधा दर्जन के करीब मुकदमे दर्ज है। आरोपी को सितम्बर 2023 में उत्तराखंड की देहरादून पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी उत्तराखंड



की वारदात के अतिरिक्त पानीपत की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे भी स्वीकारा था। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा पुलिस बुधवार को आरोपी राजेश को हरिद्वार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने समालखा काठ मंडी में घी, चीनी की एक दुकान पर बैठे बुजुर्ग को बातों में उलझाकर देखने के लिए उसके हाथ से सोने कड़ा निकलवाया और उसे लेकर फरार हो गया था।

आरोपी ने बुजुर्ग से ठगे सोने के कड़े को बाद में तुड़वाकर दो कड़े बनवा लिए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने के दोनों कड़े बरामद कर वीरवार को रिमांड अवधी पूरी होने पर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में गौरव निवासी काठ मंडी समालखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि काठ मंडी में उसकी बंसल ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दुकान है।

10 अगस्त की शाम एक 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आया। व्यक्ति सामान लेने का बहाना कर उसके पिता के हाथ से सोने का कड़ा निकलवा कर ले गया। गौरव की शिकायत पर थाना समालखा में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## मानवता के मसीहा को निरंकारी भक्तों का शत् शत् नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हृदय सम्राट बाबा** हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन सोमवार, 13 मई को सांय 5 से रात्रि 9.30 बजे तक, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा (हरियाणा) में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में किया जाएगा जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। बाबा हरदेव सिंह जी प्रेम एवं करूणा की सजीव मूरत थे। उन्होंने अपनी सादगी और दिव्य मुस्कुराहट से न केवल भक्तों को निहाल किया अपितु समस्त मानव




जाति को कल्याण का मार्ग अपनाकर एक सार्थक एवं संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाई। यही कारण रहा कि वह प्रत्येक वर्ग के लोगों के सदैव प्रिय बने रहे। बाबा जी ने एक पथप्रदर्शक बनकर हर भक्त का हाथ थामा ताकि वह एक सहज एवं सशक्त जीवन जी पाए। आध्यात्मिक जागरुकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की गतिविधियों में बाबा जी ने अपना सकारात्मक योगदान दिया जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जाँच शिविर, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, इत्यादि जैसी परियोजनाएं अहम है। बाबा हरदेव सिंह जी ने सतगुरु रूप में 36 वर्षो तक निरंकारी मिशन की बागड़ोर सम्भाली। उनके अथक प्रयासों का ही सकारात्मक परिणाम है कि मिशन विश्व के प्रत्येक महाद्वीप में 60 राष्ट्रों तक पहुंच चुका है जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज की कल्याणकारी सेवाओं का आयोजन निरंतर हो रहा है। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को विश्व स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में मान्यता भी प्राप्त हुई।संसार में अमन, शांति कायम करने के लिए युगद्दष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने एकत्व में सद्भाव, वसुधैव कुटुम्बकम्, और एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ इत्यादि जैसे अनेक दिव्य संदेश दिये जिसमें निसंदेह लोक कल्याण की भावना निहित है।

इसके अतिरिक्त आपने परस्पर प्रेम और मिलवर्तन के भावों को सुद्दढ़ करने के लिए दीवार रहित संसार की सुंदर कल्पना को भी साकार रूप प्रदान किया। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, युगद्दष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के इसी सत्य संदेश को जनमानस तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं; जिनसे निरंकारी मिशन का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बना रहा है।

## गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**एंटी** नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने 4 किलो गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को सनौली रोड विद्यानंद कॉलोनी मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान संजय निवासी खुखराना हाल किरायेदार विद्यानंद कॉलोनी के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने 6 अप्रैल 2023 को श्रीराम मार्ग पर सोम गार्डन के पास वीर कॉलोनी के कुंदन पुत्र रेमश को 4 किलो गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने उक्त गांजा पत्ती शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए संजय पुत्र गुलाब निवासी खुखराना से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने आरोपी कुंदन के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद नशा सप्लायर आरोपी संजय की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बातया कि एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने बुधवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी संजय को सनौली रोड विद्यानंद कॉलोनी मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी पुलिस पकड़ के बचने के लिए ठीकाने बदल कर छुप कर रह रहा था। पूछताछ में आरोपी ने कुंदन को 4 किलो गांजा पत्ती 54 हजार रुपए में बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी संजय ने गांजा पत्ती बेचकर हासिल की नगदी खाने पीने में खर्च कर दी। पूछताछ के बाद पुलिस ने वीरवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## कीटनाशक दवा के प्रभाव से बच्चों के बीमार के मामले में टीम ने जांचे कारण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः लक्ष्य इंटरनेशनल** स्कूल घसौली में कीटनाशक दवा के छिड़काव से स्कूल की विभिन्न कक्षाओं के करीब 3 दर्जन छात्रों के स्वास्थ्य खराब होने के मामले में जहां छात्रों की तबीयत में काफी सुधार है वहीं खंड शिक्षा अधिकारी , तहसीलदार सुमन व एसएमओ डा. टीना आन्नद ने विभिन्न पहलुओं को लेकर तीन सदस्यों की टीम ने स्कूल निदेशक व शिक्षकों के अलावा छात्रों व अभिभावकों से पूछाताछ की है। टीम का कहना कि जांच की गई रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

**जांच कमेटी के तीनों अधिकारियों ने कहा कि रिर्पोट तैयार की जा रही**

खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार, तहसीलदार सुमन व एसएमओ डा. टीना ने बताया कि कीटनाशक दवा के प्रभाव से काफी बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी, टीम ने सभी मामलों को लेकर बारीकी से जांच की है। जांच कमेटी शीघ्र ही एसडीएम को रिर्पोट सौंप देगी। इसके अलावा जिन अस्पतालों में स्कूल के बच्चे एडमिट करवाए गए थे। उक्त अस्पतालों में इलाज कर रहे चिकित्सकों से भी रिपोर्ट मांगी है।

**रिर्पोट जल्द तैयार करने के दिए आदेश : एसडीएम**

एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि मामले को लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जांच कमेटी को तय समय में रिर्पोट देने के आदेश दिए है। रिपोर्ट आती है उसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जन विरोधी सरकार को बदलेगी जनता: अरुणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः युवा कांग्रेस** की राष्ट्रीय सचिव अरुणा महाजन ने कहा कि देश व प्रदेश के लोग 10 साल से भाजपा की जन विरोधी सरकार को झेल रहे हैं, लेकिन इस बार जनता पक्का मन बना चुकी है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया जाए और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाई जाए। अरुणा महाजन अंबाला लोक सभा से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण मुलाना के चुनाव प्रचार लिए अंबाला पहुंची थी। सेक्टर 9 में कांग्रेस नेता चेतन चौहान ऑफिस



में युवा कांग्रेस के सदस्यों को संबोधित करते हुए अरुणा महाजन ने कहा कि 25 मई को हरियाणा में लोकसभा चुनाव का मतदान है, ऐसे में युवा कांग्रेस के सभी साथियों का कर्तव्य बनता है कि वें विभिन्न टीमें बनाकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान लगातार चलाए रखें और कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में जनता को विस्तार से जानकारी दें। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में लोगों के बीच भ्रम फैला रहे हैं, जबकि हकीकत है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित तमाम हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लोगों का भारी जन समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर मुख्य तौर पर कांग्रेस एससी सेल वर्किंग प्रेसिडेंट विक्की चौहान, कांग्रेस सेवा दल के हलका प्रधान रविंद्र प्रजापति, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मुकेश शर्मा व स्वर्ण धीमान, विकी राणा, रमन गुप्ता, एडवोकेट रघुबीर सिंह, सतीश, जोगिंदर, जशन कोछड़ , आशु बाजवा व अन्य शामिल रहे।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स-डे

### अभिभावकों को अपनी माता का सम्मान करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में विद्यार्थियों की माताएं शामिल हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर के प्रयास इंटरनेशनल** स्कूल में मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गनौर की तहसीलदार सुमन ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने अभिभावकों को अपनी माता का सम्मान करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में विद्यार्थियों की माताएं शामिल हुई। अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सभी माताओं ने मदर्स-डे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। स्कूल के एम डी अमित बत्रा, डायरेक्टर रुचिका बत्रा, रजिस्ट्रार डॉ मनोज कुमार, प्रधानाचार्य सुरेंद्र




छाबडा व वाईस-प्रिंसिपल दीपमाला ने सभी पधारे हुए अतिथियों व अभिभावकों का पुष्पपुंज से अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रयास स्कूल की विद्यार्थी परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों का दायित्व ग्रहण व शपथ ग्रहण समारोह हुआ। प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट काउन्सिल के लिए चुनाव कराया गया था। चुनाव में कक्षा चार से बारह तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल रजिस्ट्रार डा. मनोज कुमार ने बताया ,भारतवर्ष में लोकसभा चुनाव का माहौल है। विद्यार्थियों की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा बढ़ाने व अभिभावकों को सौ प्रतिशत मतदान के लिए जागृत करने के उद्देश्य से प्रयास स्कूल में पूरी स्टूडेंट काउन्सिल के लिए इ-वोटिंग के जरिये मतदान कराया गया। विद्यार्थियों को पूरी चुनावी प्रक्रिया समझाई गई। कम्प्यूटर में वर्चुअल इ. वी. एम. क्रिएट की गई व पूरी प्रक्रिया के तहत चुनाव हुआ।

**कार्तिक त्यागी को हेड ब्वाय व हिना को हेड गर्ल चुना गया**

हेड बॉय का चुनाव कक्षा 12 विज्ञान संकाय के कार्तिक त्यागी ने 31 वोट से जीता, हेड गर्ल का चुनाव हिना ने 95 मतों से जीता।

आर्यन चौहान मात्र 12 मतों से जीत कर स्कूल के स्पोर्ट्स कैप्टेन बने।

## दहिया दांतों के अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने मारा छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**वीरवार को खरखौदा** के थाना कलां रोड पर पुलिस स्टेशन के नजदीक अवैध रूप से चल रहे दहिया दांतों का अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापा मारा है। इस दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम में इंस्पेक्टर सुनील कुमार, इंस्पेक्टर श्रवण कुमार की अगुवाई, एवं स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डेंटल सर्जन डॉ सुभाष द्वारा संयुक्त कार्रवाई की है। जिसमें डेंटल सर्जन डॉ सुभाष ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि खरखौदा में फर्जी तरीके से डेंटल



अस्पताल चल रहा है। मौके पर सीएम फ्लाइंग की टीम के साथ जांच की गई तो बाहर बोर्ड दहिया दांतों का अस्पताल के लगे मिले। वही अंदर युवक द्वारा डेंटल अस्पताल संचालित किया जा रहा था। युवक से संबंधित कागजात मांगे जाने पर वह कोई कागजात पेश नहीं कर पाया। मौके से उपकरण अपने कब्जे में लिए गए हैं। आवश्यक कार्रवाई को अमल में लाया जा रहा है।

# रसोई में हैं कैंसर को मात देने वाली औषधियां




भारतीय रसोई में पाए जाने वाले मसालों में वह ताकत है जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को भी मात देदे। किसी भी ऐसी जानलेवा बीमारी से लड़ने की ताकत रखने के लिए, हम कुछ ऐसे मसालों पर ध्यान दे सकते हैं जो कैंसर पैदा करने वाले सेल को शरीर में बनने से रोकते हैं। हर्बल हल्दी का लेप छोटी खरोच को सही कर देता है और त्वचा पर पड़ी घमोरियों को ठीक करता है। केसर और हल्दी जैसे मसालों में ऐसे औषधीय गुण हैं जो अगर खान-पान में शुरु आत से इस्तेमाल में लाए जाएं तो हमारे शरीर को टोक्सिन, बैक्टीरिया और वायरस के हमले से बचाते हैं।

**हल्दी:** जब कैंसर रोग से लड़ने की बात आती है तो यह मसालों का राजा माना जाता है। अनुसंधान से पता चला है कि हल्दी में ताकतवर पोलीफेनोल कर्कुमिन होता है जो कैंसर सेल को बढ़ने से रोकता है जिससे



प्रोस्ट्रेट कैंसर, मेलेनोमा, स्तन कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, अग्न्याशय का कैं सर और ल्यूके मिया रुकता है। कर्कुमिन 'अपोप्टोसिस' को बढ़ावा देता है जो कैंसर को बढ़ावा देने वाले सेल को हटाता है और यह ध्यान रखता है कि इस कर्म में दूसरे हेल्दी सेल बनने से न रु कें। रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी के समय कैंसर सेल के साथ-साथ उसके आस-पास के हेल्दी सेल भी चपेटे में आ जाते हैं। इसलिए इसके दुष्प्रभाव दिख जाते हैं।

**सौंफ :** फायटो पो षक तत्व और एंटीओ क्सिडेंट हो ने के कारण, कैंसर सेल को सौंफ के सामने हार का सामना करना पड़ता है। फेंनेल का मुख्य तत्व 'अनेथोल', कैंसरो कोंजकौ तेजीा फैलने वाली प्रकृति को रोकता है। यह कैंसर सेल को बढ़ाने वाले एंजाइम से नियंत्रित होने वाली गतिविधियों को रोकता है। अदरक के साथ टमाटर और सौंफ का सूप या सौं फ के साथ ताजे सलाद को मुख्य खाने से पहले खाना काफी फायदेमंद होता है। भुनी हुई सौंफ को पार्मीजैन के साथ लेना भी सही रहता है।

**जीरा:** यह खाने को पचाने में मदद करता है शायद इसलिए हम खाने के बाद जीरा चबाना पसंद करते हैं। हालांकि, इसके हेल्थ बेनिफिट्स और भी ज्यादा हैं। यह एक ऐसा



हर्ब है जिसमें एंटी ऑक्सीडेंट लक्षण होते हैं, जीरा के दाने में 'थाय्मोकुईनॉन' होता है जो प्रोस्ट्रेट कैंसर पैदा करनेाो के कोेकताै। इसलिए स्नैक में कैलोरी और आइल की बजाए आप ब्रेड में फ्राइड बीन्स या सॉस की सीसनिंग कर अपनी डिश को स्वादिष्ट और पौष्टिक बना सकती हैं। आप तड़का दाल और चावल में जीरा डाल कर इसका मजा ले सकते हैं।

**केसर:** केसर में 'क्रोसेटिन' नाम का प्राकृतिक कैरोटेनोइड डीकार्बोक्सीलिक एसिड होता है जो कैंसर से लड़ने वाला मुख्य तत्व होता है। यह न सिर्फ बीमारी को बढ़ने से रोकता है पर ट्यूमर के आकार को आधे से ज्यादा कम कर देता है जिससे कैंसर से निजात मिल सकती है। हालांकि, यह विश्व का सबसे महंगा मसाला है क्योंकि यह 2,50,000 फूलों के स्टिग्मा से बनता है जो सिर्फ आधा किलो केसर देते हैं।

**दालचीनी:** हर दिन आधा चम्मच दालचीनी पॉउडर लेने से आप कैंसर के खतरे से बच सकते हैं। खाने को सुरक्षित रखने वाली दालचीनी में आयरन और कैल्शियम होता है। ट्यूमर को बढ़ने से रोकने में कारगर, यह शरीर में कैंसर संबंधी सेल को पैदा होने से रोकता है।

**लाल शिमला मिर्च:** यह एक ऐसा मसाला है जिसमें कैंसर से लड़ने की क्षमता है। हालांकि, ज्यादा तेज लाल शिमला मिर्च खाने से बचना चाहिए। लाल शिमला मिर्च से अपोप्टोसिस की प्रक्रिया शुरू होती है जो कैंसर सेल को बर्बाद करता है और ल्यूकेमिया ट्यूमर सेल के आकार को घटाता है। ऐसा



माना जा सकता है कि हमारे मुंह को जलाने के अलावा लाल शिमला मिर्च में कैंसर सेल को बढ़ने से रोकने की भी क्षमता है।

**अदरक:** इसमें आयुर्वेदिक गुण है जिससे कोलेस्ट्रोल नियंतण्रमें रहता है, शरीर में रस प्रक्रिया बढ़ाता है और कैंसर सेल को मारता है। सब्जी में व सलाद में इस्तेमाल किया जाने वाला अदरक खाने में स्वाद लाता है। दूसरे मसाले लौंग, सौंफ, तुलसी, लहसुन, काला जीरा, मे थी, सरसों, पुदीना पत्ता, रोजमेरी, ताजा नींबू, ओलिव, विनेगर और अवोकेडो कुछ ऐसे तत्व हैं जो कैंसर से लड़ने में मदद करते हैं।



# सेहत के प्रति लापरवाही यानी कई बीमारियों को दावत



**बीमारियां** आते-जाते मौसम के साथ लगी ही रहती हैं। जिसके पीछे कमजोर इम्युनिटी और पदूषण जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। इन्हें मौसमी या छोटा समझकर अनदेखा करना बहुत भारी पड़ सकता है। किसी बड़ी बीमारी के होने के पीछे यही लापरवाही होती है। ऐसी ही कुछ बीमारियों से संबंधित कुछ जानकारियां यहां दी जा रही हैं।

**वजन कम होना, हो सकता है थायराइड**

एका एक वजन कम होने पर भले किसी को अच्छा लगे कि बिना किसी मेहनत के वजन घटा लिया। लेकिन ये इशारा करता है कि शरीर के साथ जरूर कुछ गलत हो रहा है। इसका कारण बहुत ज्यादा काम, खाने की बदलती आदतें हो सकती हैं जो लंबे समय में कई बीमारियों जैसे थॉयरॉइड आदि की वजह बनती हैं।



**गले में या जबड़े में दर्द को गंभीरता से लें**

वैसे तो ये समस्या दांतों या टॉन्सिल के कारण हो सकती है। लेकिन इनडाइजेशन के कारण कई बार ऐसे एसिड्स पैदा होते हैं जो गले वाले भाग में दर्द पैदा करते हैं। इसके अलावा हार्ट में ऑक्सीजन की कमी के कारण भी छाती, गले और जबड़ों में दर्द होता है, जिसे अनदेखा करना बड़ी बीमारियों को बुलावा देना हो सकता है। इसलिए मुंह में दर्द को लेकर हो रहे बदलाव को गंभीरता से लें।

**थोड़े काम से थकान मतलब कई तरह की समस्याएं**



थोड़े काम के बाद ही थकान महसूस हो तो ये इशारा है कि शरीर में न्यूट्रिशन की कमी हो रही है। वहीं एनीमिया, विटामिन डी की कमी, थॉयरॉइड के कारण भी थकान जल्द महसूस होने लगती है। हार्ट व फेफड़ों की समस्या के कारण जब मांसपेशियों को ऑक्सीजन पूर्ण रूप से नहै मिलता तो भी इसकी शिकायत होती है।

**नाखूनों में बदलाव**

नाखून भी आंखों जैसे होते हैं जो हमारी सेहत के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। इनसे एनीमिया या किसी भी तरह की बीमारी का आसानी से पता चल सकता है। नाखूनों में खून के छोटे- छोटे क्लॉट ब्लड इन्फेक्शन की ओर इशारा करते हैं। इसी तरह काले या भूरे रंग के धब्बे स्किन कैंसर का भी कारण हो सकते हैं। इसलिए नाखूनों को सिर्फ मैल से पटे हैं, सोचकर अनदेखा न करें। यह हेल्थ के बारे में काफी कुछ सच कहते हैं।

**झुनझुनी होना**

ये बहुत ही सामान्य सी बात है और रूमेटॉयड आर्थराइटिस में ये आम समस्या होती है। इसमें अंगुलियों के पोरों या कई बार गर्दन व उससे नीचे के हिस्से में झुनझुनाहट महसूस होती है। इसके अलावा ये डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी, थॉयरॉइड, कार्पल टन सिंड्रोम जैसी बीमारियों का संकेत होती है। कभी-कभी यह झुनझुनाहट बढ़कर शरीर को सुन्न भी कर देती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

## हंसी के फूव्वारें

मियां-बीवी में धन-दौलत की मिल्कियत को लेकर जबरदस्त कहा-सुनी हो गई. बीवी ने गुस्से से कहा, 'तुम्हारा इस घर में है क्या, जो कुछ है, सब मेरे पिता ने दहेज में दिया है.'

संयोगवश उसी रात घर में चोर घुस गए. बीवी की आंख खुल गई. वह मियां को जगाने लगी, 'जल्दी उठो, घर मे चोर घुस आए हैं.'

मियां ने करवट बदलते हुए कहा, 'मै क्यों उठूं, मेरा इस घर में है ही क्या?'

□ □ □

जज (अभियुक्त से) - तुम्हारी पहली पत्नी की मौत कार दुर्घटना से हुई थी, जबकि दूसरी पत्नी जहर खाकर मर गई. ऐसा क्यों हुआ?

अभियुक्त (जज से)- दूसरी पत्नी कार चलाना नहीं जानती थी.

□ □ □

एक ग्राहक होटल के बैरे से- अरे इस गिलास में पत्ता गिरा है.


बैरा (ग्राहक से) - इसमें कोई ताज्जुब की बात नहीं है, इस शहर में हमारे होटल की कई शाखाएं हैं.

□ □ □

रमेश - अरे, आपका लड़का फेल हो गया है और आप मिठाई खिला रहे हो?


नेता जी - पास, फेल क्या मायने रखता है, बहुमत तो इसके साथ है. पचास में से पैतीस बच्चे इसके साथ फेल हुए हैं.

## काकुरो पहेली - 4049




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

**काकुरो -4048 का हल**



## फिल्म वर्ग पहेली - 4049



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम बिन जीवन कैसे' गीतवाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
३. सनीदेओल, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा' गीत वाली फिल्म-२
५. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
७. फिल्म 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
९. सनीदेओल, जयाप्रदा की 'चूड़े वाली छमिया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'हम तो तंबू में बंबू' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
११. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-३
१३. फिल्म 'अनमोल मोती' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-३
१७. अमिताभ बच्चन, ऋषिकपूर, राखी, वहीदा, नसीम की 'प्यार कर लिया तो क्या' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'खुश रहो हर खुशी है' गीत वाली जीतेंद्र, राजश्री की फिल्म-५
२०. राजेंद्रकुमार, मालासिन्हा की 'बाँसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे बिछड़े साथी' गीत वाली सुनीलदत्त, आशापारेख की फिल्म-३
२२. राजेश, सुलक्षणा की 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'जब जब बहार आई' गीत वाली भारत भूषण, शालिनी की फिल्म-४
२९. सनी देओल, अनिल कपूर, किमी काटकर की 'गली से मेरा यार गुजरा' गीत वाली फिल्म-४
३१. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषि कपूर के साथ नायिका कौन थी-२
३२. 'मेरे दिल में मची है तबाही' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'माँ तुझे सलाम' में अलबक्श की भूमिका किसने की है-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. मेघना गुलजार की फिल्म 'फिलहाल' के संगीत निर्देशक-२,३
२. फिल्म 'साया' की नायिका कौन है-२
४. फिल्म 'स्टम्प्ड' की निर्मात्री एवं नायिका कौन हैं-३
५. 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली सनी, अमृता सिंह की फिल्म-३
६. धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की 'छुपा लो यूँ दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली फिल्म-२
१४. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-२,२
१५. विकास भल्ला, का काजोल की 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'ओ नाम रे सबसे' गीत वाली अमिताभ, शशि, रेखा की फिल्म-३
१८. अशोक कुमार, मीना की 'दिल जो ना कह सका' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'क्या हुआ अरे' गीत वाली संजीव कुमार, परीक्षित, शबाना की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, सायरा बानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा गाँव बड़ा' गीत वाली फिल्म-४
२५. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'प्यार कर इकरार' गीत वाली फिल्म-४
२७. फिल्म 'तलाश' में अक्षय के साथ नायिका कौन है-३
२८. 'अँखियाँ मिलाके जिया भरमाके' गीत वाली स्वर्णलता की एक हिट फिल्म-३
३०. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२

**फिल्म वर्ग पहेली -4048**



## 4049


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | | 7 |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

4048

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 4049



**बाएँ से दाएँ**

1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**

2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली -4048 का हल**



## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पिता के साथ मनाया 31वां जन्मदिन

एजेंसी
**हैदराबाद।** ऑस्ट्रेलियाई और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने अपने पिता के साथ अपना 31वां जन्मदिन मनाया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट सुपरस्टार, जो एक भयंकर प्रतिस्पर्धी है और जिसने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया को एकदिवसीय विश्व कप



और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब दिलाया था, ने आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता है।स्त्रक्के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल ने कमिंस की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनका चेहरा जन्मदिन के केक से सना हुआ था, और अपने पिता पीटर के साथ अपना जन्मदिन मना रहे थे।

## दिल्ली के सहायक कोच आमरे ने की ट्रिस्टन स्टब्स की तारीफ, कहा-उनकी तेज पारी महत्वपूर्ण थी

**नई दिल्ली।** एक और शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के अपने 12वें मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 20 रन की शानदार जीत दर्ज की। अब उनके 12 मैचों में छह जीत और छह हार हैं और वे अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 221 रन बनाए, दिल्ली की ओर से अभिषेक पोरेल (36 गेंदों पर 65 रन) और जेक फ्रेजर-मैकगर्क (20 गेंदों पर 50 रन) ने शानदार अर्धशतक लगाए, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स (20 गेंदों पर 41 रन) ने भी आतिशी पारी खेली। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव, मुकेश कुमार और खलील अहमद ने 2-2 विकेट लिए।

दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने टीम के प्रदर्शन पर फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, हमने 20 अतिरिक्त रन बनाने के लिए अच्छी बल्लेबाजी की। हमें स्टब्स को श्रेय देना होगा क्योंकि उनकी 20 गेंदों पर 41 रन की पारी टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी। गेंदबाजी में दबाव था, यह आसान नहीं था, प्रति ओवर 12 रन की आवश्यकता थी। रसिख ने तीसरी बार तब अच्छा प्रदर्शन किया जब टीम को इसकी आवश्यकता थी। 19वें ओवर में पांच यॉर्कर फेंकना कुछ खास था। कुलदीप ने 18वां ओवर फेंका और 2 विकेट हासिल किए, जो महत्वपूर्ण था। संजू सैमसन के कैच के बारे में बोलते हुए, आमरे ने कहा, कुछ गति बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, ये खेल में निर्णायक क्षण होते हैं।

## युगांडा बैडमिंटन टीम ने थॉमस और उबेर कप के सफल आयोजन के लिए की चीन की प्रशंसा

**कंपाला।** युगांडा की महिला बैडमिंटन टीम ने 2024 थॉमस और उबेर कप के उत्कृष्ट आयोजन के लिए चीन की सराहना की, जिसका समापन रविवार को चेंगदू में हुआ। चीन ने थॉमस और उबेर कप दोनों का खिताब जीता, जबकि युगांडा उबेर कप के ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया। जापान, इंडोनेशिया और हांगकांग चीन से ग्रुप सी के अपने सभी मैच हारने के बावजूद, युगांडा की टीम ने इस आयोजन के प्रदर्शन और संगठनात्मक गुणवत्ता को महत्व दिया। ट्रेसी नालुवोजा, हुसिना कोबुगाबे, शमिका मोहम्मद रफी और ग्लेडिस मबाज़ी वाली यह टीम उबेर कप में अपने पदार्पण के बाद सोमवार को युगांडा लौटी नालुवूजा ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, उबेर कप में खेलना एक अच्छा अनुभव था, और मेजबान चीन द्वारा पेशेवर आयोजन का स्तर बहुत उच्च स्तर का और बहुत यादगार था।

## डॉर्टमंड ने पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में किया प्रवेश

**पेरिस।** बोरूसिया डॉर्टमंड ने पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग के फाइनल में प्रवेश किया। यह जीत उसने घरेलू सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद हासिल की। डॉर्टमंड ने 2-0 के कुल स्कोर के साथ अपना स्थान सुरक्षित कर लिया, क्योंकि टीम ने पहला चरण भी 1-0 से जीता था। दोनों टीमों ने पहले हाफ में शानदार खेल दिखाया, फलस्वरूप पहला हाफ गोलरहित समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में निर्णायक गोल तब हुआ जब मैट्स हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट के कॉर्नर से दिये गए पास को हेडर के जरिये गोल पोस्ट में डालकर डॉर्टमंड को 1-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। सीज़न की शुरुआत में, कोई भी उम्मीद नहीं कर सकता था कि डॉर्टमंड चैंपियंस लीग के फ़ाइनल में पहुँच जाएगा, क्योंकि उन्हें पीएसजी, एसी मिलान और न्यूकैसल के साथ एक कठिन ग्रुप में रखा गया था। लेकिन एडिन टेरज़िक की टीम ने राउंड ऑफ़ 16 में पीएसवी आइंडहोवन को हराने से पहले शीर्ष स्थान हासिल किया।

# सनराइजर्स ने सुपर जायंट्स को दी करारी शिकस्त

एजेंसी
**हैदराबाद।** पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद ने एक बार इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाते हुए दमदार जीत दर्ज की है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच को हैदराबाद ने 10 विकेट से जीत लिया।

मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ टीम ने 166 रनों का टारगेट सेट किया। जवाब में हैदराबाद ने बगैर विकेट गंवाए 9।4 ओवरों में ही चेज कर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के हीरो ओपनर ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा रहे, जिन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में फिफ्टी जमाई। सबसे पहले ट्रेविस हेड ने 16 गेंदों पर फिफ्टी जमाई। इसके बाद अभिषेक ने 19 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया। दोनों ने 58 गेंदों पर नाबाद 167 रनों की पार्टनरशिप की। दूसरी ओर लखनऊ टीम का कोई भी गेंदबाज विकेट तो दूर की बात है, हेड और अभिषेक पर अंकुश भी नहीं



लगा सका। 62 गेंद बाकी रहते हुए इस मैच को जीतने के साथ ही हैदराबाद टीम का नेट रनरेट प्लस में 0.406 हो गया है। इसी के साथ यह टीम अब चौथे नंबर से तीसरे पायदान पर आ गई है। उसने अब 12 मुकाबलों में से 7 में जीत दर्ज की है। दूसरी ओर लखनऊ ने 12 में से 6 मैच ही जीते हैं। वो अभी छठे नंबर पर बरकरार है। हेड और अभिषेक की इस ताबड़तोड़ पारी के बाद रिकॉर्ड्स की झड़ी सी लग गई है। इतिहास में पहली बार शुरुआती 10 ओवरों के अंदर इतना बड़ा स्कोर बना है। साथ ही यह लीग के इतिहास में पावरप्ले में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

## हाई परफॉरमेंस कोचिंग की भूमिका के लिए बीसीबी की शॉर्टलिस्ट में हेनरिक मालन भी शामिल

एजेंसी
**नई दिल्ली।** आयरलैंड के मुख्य कोच हेनरिक मालन उन चार उम्मीदवारों में शामिल हैं जिन्हें बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हाई परफॉरमेंस यूनिट के मुख्य कोच पद के लिए चुना है। यह पद डेविड हेम्प के बल्लेबाजी कोच के रूप में राष्ट्रीय पुरुष सीनियर टीम में शामिल होने के बाद से रिक्त है।

27 फरवरी को, बीसीबी ने हेम्प को बांग्लादेश पुरुष टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया, जो मई 2023 से एचपी यूनिट के मुख्य कोच थे। बीसीबी हेम्प के प्रतिस्थापन की तलाश में है क्योंकि एचपी कार्यक्रम मई के मध्य में शुरू होने वाला है।

क्रिकबज के अनुसार, मालन ने नई चुनौती लेने की संभावना से पूरी तरह से इनकार नहीं किया है।

बीसीबी एचपी यूनिट के चेयरमैन नैमुर रहमान ने क्रिकबज से बातचीत में कहा, हम आने वाले सप्ताह में एचपी यूनिट प्रमुख के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए कोचों का साक्षात्कार लेंगे।

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बीसीबी मालन को लेने के लिए उत्सुक होगी, क्योंकि वह एचपी शिविर की शुरुआत से उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, क्योंकि उनसे आगामी आईसीसी टी 20 विश्व कप में आयरलैंड की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मार्गदर्शन करने की उम्मीद है, जो जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में निर्धारित है।



मालन के अलावा, बीसीबी तीन अन्य नामों पर भी विचार कर रहा है, जिनमें गवन ट्विनिंग (ऑस्ट्रेलिया), नाथन हॉरिट्ज़ (ऑस्ट्रेलिया) और पॉल एडम्स (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं।

## आईपीएल 2024: प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी मुंबई इंडियंस

एजेंसी
**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को दस विकेट और 10.2 ओवर शेष रहते हरा दिया, जिसके बाद मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई।

एलएसजी के खिलाफ मिली जीत के बाद हैदराबाद की टीम 14 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स शीर्ष दो स्थानों पर 16-16 अंकों के साथ काबिज हैं।

14 मई को एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स आमने-सामने होंगे और उनमें से जीतने वाली टीम 14 अंक हासिल कर लेगी। अगर मुंबई की टीम अपने बचे हुए दो लीग मैच जीत लेती है, तो वह अधिकतम 12 अंक हासिल कर सकती है, जिससे वह शीर्ष चार से बाहर हो जाएगी। गुरुवार को हारने वाली टीम का भी यही हश्र होगा, जब पंजाब किंग्स धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी। मुंबई ने अपने नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में लगातार



तीन हार के साथ सीज़न की शुरुआत की। हालाँकि उन्होंने अपने अगले चार मैचों में से तीन जीते, लेकिन चार हार के कारण उनके प्लेऑफ़ की संभावनाएँ बुरी तरह प्रभावित हुईं।

जसप्रीत बुमराह मुंबई के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे, उन्होंने 12 मैचों के बाद 6.20 की इकॉनमी के साथ 18 विकेट लिए और वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं। हालाँकि, टीम के अन्य गेंदबाजों में से कोई भी इतना किफायती नहीं रहा है, और उनके बल्लेबाजों ने भी खराब प्रदर्शन किया है, 12 पारियों के बाद कोई भी 400 से अधिक रन नहीं बना पाया है। तिलक वर्मा 42.66 की औसत से 384 रन बनाकर उनके सर्वोच्च स्कोरर हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव नौ पारियों में 334 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। रोहित शर्मा 12 पारियों में केवल 330 रन ही बना पाए हैं। हार्दिक का भी यह सीजन खराब रहा है, उन्होंने 11 पारियों में केवल 198 रन बनाए और 10.58 की इकॉनमी रेट के साथ 11 विकेट लिए। रोमारियो शेफर्ड, मोहम्मद नबी और नुवान तुषारा को मौके देने के बावजूद, वे अपने विदेशी खिलाड़ियों से ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा नहीं उठा पाए हैं। उनका स्पिन विभाग उनका कमजोर पक्ष रहा और टूर्नामेंट में अब तक उनके 68 कुल विकेटों में से केवल 13 ही लिए हैं। जबकि उन्होंने घर पर अपने छह मैचों में से तीन जीते, उन्हें बाहर का समय कठिन लगा, पाँच में से उनकी एकमात्र जीत पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली। उनके शुरुआती एलिमिनेशन का मतलब है कि मुंबई का अपने छठे आईपीएल खिताब का इंतजार जारी है, जिसने 2019 और 2020 में अपना चौथा और पाँचवाँ खिताब जीता है। तब से, उन्होंने चार सीज़न में केवल एक बार प्लेऑफ़ में जगह बनाई है, वह भी 2023 में। वहां भी उन्हें क्वालीफ़ायर 2 में गुजरात टाइटन्स ने बाहर कर दिया था।

## 27वें फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक ओडिशा में होने वाली 27वें फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगे।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ''प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना 12 मई से भुवनेश्वर में शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।''पटियाला में 2021 फेडरेशन कप के बाद यह चोपड़ा की पहली घरेलू प्रतियोगिता होगी, जहाँ उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 87.80 मीटर था।

भुवनेश्वर में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता 14 और 15 मई को होगी। क्वालीफिकेशन 14 मई को होगा, जबकि फाइनल अगले दिन होगा। फेडरेशन कप से पहले, दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 10 मई को हमवतन जेना के साथ दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। फेडरेशन कप के बाद चोपड़ा को 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में भाग लेना है। सुपरस्टार थ्रोअर के पेरिस खेलों से पहले यूरोप में प्रशिक्षण लेने की उम्मीद है, जहाँ वह अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक का बचाव करेंगे। अब तक चोपड़ा और जेना, जिन्होंने पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में क्रमशः 88.88 मीटर और 87.54 मीटर फेंककर स्वर्ण और रजत जीता था, वे दो भारतीय भाला फेंकने वाले हैं जिन्होंने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई किया है।चोपड़ा, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है और जो लंबे समय से प्रतीक्षित 90 मीटर के निशान को पार करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके साथ डी.पी. मनु और शिवपाल सिंह सहित अन्य प्रसिद्ध थ्रोअर भी होंगे। 26 वर्षीय नीरज विश्व रिकॉर्ड (अंडर-20) बनाने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट थे, जब उन्होंने 2016 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप जीतने के लिए 86.48 मीटर की दूरी तय की थी, यह पहली बार था जब किसी भारतीय एथलीट ने वैश्विक ट्रैक और फील्ड खिताब जीता था।

उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता, ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय एथलीट थे। इसके बाद टोक्यो में उन्होंने इतिहास रच दिया जब वे ट्रैक और फील्ड में देश के पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बने। यह सिलसिला बुडापेस्ट में 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी जारी रहा जब वे स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले एथलीट बने।

## आखिरी दो टी20 मैचों के लिए शाकिब अल हसन की बांग्लादेश टीम में वापसी

एजेंसी
**चैटोग्राम।** बांग्लादेश के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन, शीर्ष स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत से कुछ हफ्ते पहले, 10 महीने के बाद अपनी टी20ई वापसी करने के लिए तैयार है। शाकिब, जिन्होंने आखिरी बार टी20ई खेला था जुलाई 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में जिम्बाब्वे के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों के लिए बांग्लादेश की टीम में चुना गया है। बांग्लादेश जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से आगे है।टी20 टीम में शाकिब की वापसी टीम के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है क्योंकि यह वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही है। शाकिब ने 2007 में टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में भाग लिया था और वह अब तक सभी संस्करणों



में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ियों में से एक है। यदि टीम के लिए चुना जाता है, तो वह सभी टीमों में सबसे अनुभवी खिलाड़ी होंगे।37 वर्षीय खिलाड़ी ने 117 T20I खेले हैं, जिसमें 2382 रन बनाए हैं और 140 विकेट लिए हैं। बांग्लादेश ने अभी तक 2024 के लिए अपनी टी20 विश्व कप टीम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन शाकिब की समय पर वापसी इस बात का संकेत है कि उन्हें शामिल किया जा सकता है। अनुभवी बल्लेबाज सौम्या सरकार और तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान, जो मौजूदा असाइनमेंट के पहले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे, को भी शेष मैचों के लिए टीम में चुना गया है। परवेज़ हुसैन इमोन और अफीफ हुसैन अनुपस्थित हैं जबकि तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम आराम कर रहे हैं।चौथे और पांचवें टी20 के लिए बांग्लादेश टीम- नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), लिट्टन कुमेर दास, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, जेकर अली अनिक, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान। तंजीम हसन साकिब, सौम्या सरकार, तनवीर इस्लाम, शैफ उद्दीन श्रृंखला के अंतिम दो मैच 10 और 12 मई को मीरपुर में होंगे।

## ऑस्ट्रेलिया की डब्ल्यूटीसी जीत और एशेज पर आधारित 'द टेस्ट' के तीसरे सीज़न का ट्रेलर जारी

**सिडनी।**'द टेस्ट' के तीसरे सीज़न का ट्रेलर जारी हो गया है, जिसमें भारत के खिलाफ आईसीसी पुरुष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत और फिर उसके बाद एशेज श्रृंखला के अभियान को दिखाया गया है। आगामी सीज़न में ऑस्ट्रेलियाई टीम के उस दौर को दिखाया जाएगा जिसमें उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का खिताब जीता और प्रतिष्ठित एशेज को बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले ब्रिटेन पहुंच गई थी। फाइनल से कुछ महीने पहले, ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में भारत के खिलाफ घर से बाहर 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था, जिससे दो महान आधुनिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच एक और रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार हो गया था। मैच में पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद, भारत ने अच्छी शुरुआत की और केवल 76 रन पर ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट गिरा दिये।

## हम वास्तव में उत्साहित हैं: यूसीएल सेमीफाइनल में बायर्न का सामना करने पर रियल मैड्रिड के मैनेजर एंसेलोटी

एजेंसी
**मैड्रिड ।** सैंटियागो बर्नब्यू में यूईएफए चैंपियंस लीग ( यूसीएल ) सेमीफाइनल के दूसरे दौर में बायर्न म्यूनिख के खिलाफ उनकी टीम के मुकाबले से पहले, रियल मैड्रिड के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा कि लॉस ब्लैंकोस हैं जर्मन क्लब का सामना करने के लिए उत्साहित हूं। यूईएफए चैंपियंस लीग ( यूसीएल ) सेमीफाइनल के पहले चरण में रियल मैरिड को बायर्न म्यूनिख के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ का सामना करना पड़ा । विनीसियस जूनियर ने 24वें मिनट में खेल की पहली सफलता हासिल की और मेहमान टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए एन्सेलोटी ने कहा कि लॉस बाल्नकोस बहुत अच्छी स्थिति में हैं और प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम इस मुकाबले का इंतजार कर रही है। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करनी होगी। हम वास्तव में उत्साहित



हैं क्योंकि कठिनाइयों को देखते हुए, हमें फिर से फाइनल में जगह बनाने का एक शानदार अवसर मिला है। हम अच्छी स्थिति में हैं। रियल मैड्रिड की वेबसाइट ने एन्सेलोटी के हवाले से कहा, मैं बहुत प्रेरित हूं और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। मुझे नहीं पता कि कल क्या होगा, कुछ भी हो सकता है, लेकिन हम एक और शानदार रात का इंतजार कर रहे हैं।

इतालवी कोच ने स्वीकार किया कि वे आशावादी नहीं हैं लेकिन आगामी मैच में आने वाली कठिनाइयों से अवगत हैं। ÷यह हमारे प्रशंसकों के लिए एक और जादुई रात हो सकती है, लेकिन हम आशावादी नहीं हैं, हम केवल मैच में आने वाली कठिनाइयों से अवगत हैं। हमें आक्रामक और रक्षात्मक दोनों शर्तों में अच्छी गति के साथ एक गहन खेल खेलने की जरूरत है। हम कर सकते थे हमने पहले चरण में बहुत अधिक रक्षात्मक प्रदर्शन किया है, हम एक गहन मैच चाहते हैं।

कार्लो एंसेलोटी ने पुष्टि की कि लूनिन बायर्न म्यूनिख के खिलाफ पहली पसंद के गोलकीपर होंगे क्योंकि स्पेनिश दिग्गज चाहते हैं कि कोर्टोइस अपनी चोट से उबरने के लिए अपना समय लें। उन्होंने कहा, ÷लुनिन कल खेलेंगे। कोर्टोइस को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अपना समय लेना होगा। उन्होंने बहुत अच्छे प्रशिक्षण के बाद कैडिज़ के खिलाफ खेला और सुरक्षा और आत्मविश्वास दिखाते हुए एक उत्कृष्ट खेल खेला, लेकिन उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वापस करना होगा। ला लीगा में, व्हाइट्स ने ब्राहिम डियाज़, जूड बेलिंगहैम और जोसेलु के गोल की मदद से सैंटियागो बर्नब्यू में कैडिज़ पर 3-0 से जीत हासिल की। शनिवार को गिरोना द्वारा एफसी बार्सिलोना को 4-2 से हराने के बाद वे 36वीं बार ला लीगा के विजेता बने।

## इंग्लैंड के टेस्ट सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने कहा- सफेद गेंद क्रिकेट उनकी शैली के लिए उपयुक्त

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली को उम्मीद है कि वह सीमित ओवरों की टीम में अधिक निरंतर भूमिका निभाएंगे और उन्हें लगता है कि 50 ओवर और टी 20 प्रारूप उनकी खेल शैली के लिए उपयुक्त है। 2021 में इंग्लैंड के लिए पदार्पण करने के बाद से, क्रॉली ने केवल आठ वनडे खेले हैं, जिसमें उन्होंने 28.42 की औसत से 199 रन बनाए हैं। उन्हें अभी तक टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया है।

क्रॉली ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पॉडकास्ट से कहा, मैं हमेशा से एक अच्छा सफेद गेंद वाला खिलाड़ी बनना चाहता था। मैं अपने खेल में कुछ अन्य शॉट जोड़ने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह काफी अनुकूल है और मैंने अतीत में टी20 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले कुछ वर्षों में, चीजें विशेष रूप से अच्छी नहीं चल



रही थीं, इसलिए मैं लाल गेंद पर ध्यान केंद्रित करना चाहता था और उसी टीम में रहना चाहता था। टेस्ट क्रिकेट खेलना हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है। यह हमेशा मेरा नंबर एक प्रारूप रहेगा - यह मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है - लेकिन इंग्लैंड के लिए किसी भी प्रारूप में खेलना एक बड़ा सम्मान है और सफेद गेंद वाला क्रिकेट खेलना कुछ ऐसा है जो मैं वास्तव में करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं अपने खेल में थोड़ी और ताकत जोड़ने की कोशिश कर रहा हूं, मैं नेट्स में कड़ी मेहनत कर रहा हूं और कुछ अलग चीजें करने की कोशिश कर रहा हूं ताकि मैं अधिक और बड़े छक्के लगा सकूं। क्रॉली ने टेस्ट मैचों में अपनी वापसी का श्रेय मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के समर्थन को दिया, जिन्होंने 2022 में उनके खराब प्रदर्शन के दौरान उनका साथ दिया। 2022 की गर्मियों से, 26 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अपने 16 टेस्ट मैचों में 41.60 का औसत बनाया है। उन्होंने दो शतक भी लगाए हैं, जिसमें पिछली गर्मियों में एशेज सीरीज़ के दौरान ओल्ड ट्रैफर्ड में शानदार 168 रन शामिल हैं।

## पापुआ न्यू गिनी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए घोषित की टीम, असद वाला होंगे कप्तान

**नई दिल्ली।** पापुआ न्यू गिनी ने आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह इस टूर्नामेंट में पापुआ न्यू गिनी की दूसरी उपस्थिति होगी। टीम को टूर्नामेंट में ग्रुप सी में रखा गया है।

टूर्नामेंट के 2021 संस्करण की तरह, असद वाला टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जिन्होंने जुलाई 2023 में पूर्वी एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय फाइनल के माध्यम से इस वर्ष की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है।

कप्तान ने स्वीकार किया कि 2021 में कोविड जटिलताओं से निपटने के बाद टीम इस साल के मुकाबले के लिए अधिक तैयार है, और इस बार कैरिबियन में उन्हें काफी उम्मीदें हैं। लेग स्पिन ऑलराउंडर सीजे अमिनी टीम के उपकप्तान होंगे।

आईसीसी के हवाले से असद ने कहा, टीम के अंदर ऊर्जा बहुत अच्छी है। पिछले टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ियों



के लिए अब बहुत ज़्यादा प्रशिक्षण के साथ एक अलग एहसास है, क्योंकि पिछली बार कोविड के दौरान प्रशिक्षण हुआ था और तैयारी उतनी अच्छी नहीं थी, जितनी कि हम अभी कर रहे हैं। मैं इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि मुझे पता है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

पापुआ न्यू गिनी इस प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में अजेय रही थी, टीम ने घरेलू धरती पर लगातार छह मैच जीते और क्षेत्रीय फाइनल में जापान, वानुअतु और फिलीपींस को हराया।

पापुआ न्यू गिनी की टीम अपने अभियान की शुरुआत 2 जून को मेजबान वेस्टइंडीज के साथ एक कठिन मुकाबले से करेगी, उसके बाद 5 जून को युगांडा से भिड़ेगी, दोनों टीमें टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में होंगी। वे 13 जून को अफगानिस्तान का सामना करेंगे, उसके बाद ग्रुप स्टेज की लड़ाई में पूर्वी एशिया-प्रशांत की दिग्गज टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। पापुआ न्यू गिनी की टीम- असदुल्ला वाला (कप्तान), सीजे अमिनी (उपकप्तान), एली नाओ, चाड सोपर, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, कबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ, टोनी उरा।

## इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने वर्कर्स पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नाम वापस लिया

**लन्दन।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने अपना राजनीतिक कार्यकाल केवल एक सप्ताह में समाप्त कर दिया है क्योंकि उन्होंने घोषणा की है कि वह जॉर्ज गैलोवे की वर्कर्स पार्टी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के लिए संसदीय उम्मीदवार के रूप में अपना नाम वापस ले रहे हैं।पिछले सप्ताह वेस्टमिंस्टर में काफी धूमधाम के बीच गैलोवे ने 42 वर्षीय पनेसर का अनावरण किया।पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर को अगले आम चुनाव में पश्चिम लंदन की ईलिंग साउथहॉल सीट से चुनाव लड़ना था।हालाँकि, पनेसर ने चुनौतीपूर्ण मीडिया साक्षात्कारों की एक श्रृंखला के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया, जिनमें से एक में उन्हें यूके की नाटो की निरंतर सदस्यता पर एक राय देने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



**फास्ट न्यूज**

## इंदौर के स्टेडियम में स्ट्रांग रुम तैयार

**इंदौर:** इंदौर लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होना है ।उसके एक दिन पहले दो हजार से ज्यादा मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण निर्वाचन कार्यालय करेगा। इसके लिए इंदौर के नेहरु स्टेडियम में तैयारियां पूरी हो चुकी है ।स्टेडियम में स्ट्रांग रुम बनाया गया है। जिसमें मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम को उसमें रखा जाएगा। इस स्ट्रांग रुम की खिड़कियों को भी सील किया है। मतदान के बाद स्ट्रांग रुम का बिजली कनेक्शन भी काट दिया जाएगा, ताकि भीतर कोई अग्नि हादसा न हो सके। स्टेडियम ग्राउंड पर फायर ब्रिगेड की दमकलें अब मतगणना तक खड़ी रहेगी। स्टेडियम में तीन डोम बनाए गए है। पिछली बार की तरह विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से डोम में अलग-अलग सेक्टर रहेंगे। वहां मतदान दल अपनी टेबलों पर बैठेंगे और टेबल तक ही मतदान सामग्री पहुंचाई जाएगी। उसके बाद पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होगी।

## 'विश्व पटल पर भारत की छवि सशक्त हुई'

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया है और विश्व पटल पर भारत की छवि सशक्त हुई हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व क्षमता का ही कमाल है कि आज विश्व में भारतीयों का भी मान-सम्मान बढ़ा है। श्री सैनी ने ये उद्बोधन गुरुवार को करनाल विधानसभा उपचुनाव जनसंपर्क अभियान के दौरान कहे। इससे पहले श्री सैनी ने माँ भारती के अमर सपूत, अद्वितीय योद्धा, स्वाभिमान की प्रतिमूर्ति एवं भारत के महानायक महाराणा प्रताप जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए। श्री सैनी ने कहा कि महाराणा प्रताप जी का मातृभूमि के लिए त्याग और बलिदान राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।
नायब सैनी ने कहा कि हम अपने वीर शहीदों के बलिदान के कारण की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें उनके बलिदान को कभी भी नहीं भूलना चाहिए। सीएम सैनी ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि युवा वर्ग महाराणा प्रताप जैसे सेनानियों से प्रेरणा लें और उनका हमेशा सम्मान करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का होना बहुत जरूरी है। सभा को संबोधित करते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही मायने में शहीदों का सम्मान किया है। शहीदों का सम्मान भाजपा शासन काल में जितना हुआ है, इससे पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में विकास की नई गाथा लिखी गई है।

# सपा आतंकवादियों की हिमायती: जेपी नड्डा

## दो बातों का गठबंधन है, पहला- ये सभी परिवारवादी पार्टियां हैं और अपने परिवार को बचाने में लगी

**सपा निशाने पर**

▸▸ ये आतंकवादियों के हिमायती हैं और खासमखास हैं। इंडी अलायंस के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर



**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहपुर:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को फतेहपुर में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की असलियत यह है कि जो लोग गोरखपुर बम कांड में शामिल थे, वाराणसी बम कांड में शामिल थे, लखनऊ बम कांड में शामिल थे। इन सभी की सजा माफ करने के लिए अखिलेश यादव ने अर्जी डाली थी। ये आतंकवादियों के हिमायती हैं और खासमखास हैं। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। ये भ्रष्टाचारियों का टोला है। ये सिर्फ जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर लोगों को बांटकर वोटबैंक की राजनीति करते हैं और अब तो ये चमड़ी के रंग के नाम पर देश को बांटने में लगे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इंडी अलायंस सिर्फ दो बातों का गठबंधन है। पहला- ये सभी परिवारवादी पार्टियां हैं और अपने परिवार को बचाने में लगी हैं। इनको जनता से कोई लेना-देना नहीं है। दूसरा- ये सभी भ्रष्टाचारी पार्टियां हैं और ये अपने भ्रष्टाचार को बचाने में जुटे हैं। पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ दो घर ही मिलते थे। आज मोदी ने पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए हैं और अगले 5 साल में 3 करोड़ घर और बनेंगे। यही नहीं, आने वाले समय में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सबको बिजली मुफ्त में मिलेगी। मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, शोषित, दलित, वंचित, आदिवासी, किसान, युवा, महिला सबको ताकत मिली है। ये मोदी जी की सही नीतियों के कारण संभव हो पाया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकल आए हैं। ये बदलता भारत है। पहले यहां बम बनाने की फैक्ट्री थी, तमंचे बनते थे, गुंडागर्दी होती थी। व्यापारी पलायन करते थे। हमारी बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। मोदी और योगी जीके नेतृत्व में हमारी बहू-बेटियां इज्जत के साथ सब जगह जा रही हैं। विकास के नए-नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। 10 साल पहले मोबाइल पर लिखा होता था- मेड इन चाइना, मेड इन जापान, मेड इन ताइवान, मेड इन कोरिया और आज मोबाइल पर लिखा रहता है- मेड इन इंडिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। आने वाले समय में मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत, दुनिया में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में नंबर दो पर है।

### कांग्रेस की नीति के चलते जनसंख्या असंतुलन: भूपेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के चलते देश में जनसंख्या असंतुलन की परिस्थिति उत्पन्न हुई है। भाजपा समान जनसंख्या नीति की समर्थक है। प्रदेश भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को पत्रकार वार्ता करते हुए भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की काली करतूतों से देश की जनता वाकिफ है। वह देश को क्षेत्र व भाषा के आधार पर बांटना चाहते हैं। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने नस्लभेदी टिप्पणी कर करोड़ों भारतीयों को अपमानित करने का काम किया है। उनके बयान को व्यक्तिगत बयान कहकर कांग्रेस बच नहीं सकती। इसके लिए राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा को माफी मांगना चाहिए।

# बाल-बाल बचे चिराग चिराग पासवान





**टीम एक्शन इंडिया**
**समस्तीपुर: लोक** जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान गुरुवार को बाल-बाल बचे। उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर ही क्रैश हो सकता था। हालांकि, हादसा होने से टल गया। इस घटना की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इनमें देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर का पहिया जमीन में धंसा हुआ है। बता दें कि गुरुवार को चिराग पासवान उजियारपुर में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। यहां बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर ट्रैक से नीचे चला गया है। तस्वीरों से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**टला हादसा**

▸▸ उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर ही क्रैश हो सकता था। हालांकि, हादसा होने से टल गया

हेलीकॉप्टर के पहिए कच्ची जमीन में धंसे हुए हैं। ऐसे में यहां बड़ा हादसा हो सकता था। बता दें कि इस संबंध में जानकारी चिराग पासवान के कार्यालय की ओर से मीडिया को जारी की गई है।

# किसानों के लिए कांग्रेस व भाजपा एक जैसी: सुनैना

**टीम एक्श इंडिया**
**हिसार:** जिस प्रकार से कांग्रेस घास किसानों के लिए हानिकारक है, उसी तरह से कांग्रेस पार्टी भी किसानों के लिए नुकसानदायक है। जिन तीन काले कानूनों के लिए किसानों को 13 महीने तक सडकों पर बैठना पड़ा और 750 किसान शहीद हुए उन्हें लिखने का काम कांग्रेस की सरकार में किया गया था और लागू भाजपा की सरकार ने किया। यह बात हिसार लोकसभा से इनेलो उम्मीदवार सुनैना चौटाला ने गुरुवार को नलवा हलके में चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। सुनैना चौटाला ने हलके के गांव मुकलान, देवा, सिंघराण, कालवास, चिड़ौद, रावतखेड़ा, पायल, चारनौंद, तलवंडी रुक्का, तलवंडी बादशाहपुर, भेरिया, पनिहार, गावड़, चौधरीवास, पातन, टोकस आदि गांवों का दौरा कर वोटों की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों एक-दूसरे की बी पार्टियां हैं और दोनों ही किसान विरोधी हैं।



**हमला बोला**

▸▸ कांग्रेस और बीजेपी दोनों एक-दूसरे की बी पार्टियां हैं और दोनों ही किसान विरोधी हैं: सुनैना

# परिवार की पांचों सीटें हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाताः सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखीमपुर खीरी:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। सपा मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने खीरी सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के समर्थन में गोला में आयोजित जनसभा में कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं। एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले रामभक्त हैं। दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा देश को बांटने की साजिश रच रही हैं। एक तरफ कांग्रेस के कार्यकाल में जहां देश की सीमाएं असुरक्षित थीं, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम पर थे वहीं दूसरी तरफ सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी और आतंकियों के केस वापस लेती थी। मगर इस बार पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने बाबा गोला गोकर्णनाथ की पावन धरा को नमन करते हुए महाराणा प्रताप की पावन जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।



**दावा**

▸▸ लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार

# भाजपा सरकार में मुस्लिम वर्ग योजनाओं से लाभान्वित हो रहें : डा. दिनेश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: महाराष्ट्र के चुनाव** प्रभारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा.दिनेश शर्मा ने कहा कि जो लोग चुनाव के वक्त टोपी पहनकर मुस्लिम के बीच जाते रहे हैं, उन्होंने मुस्लिम को क्या दिया। ना कभी गैस चूल्हा दिया और ना ही युवतियों की शादी के लिए शादी अनुदान के तहत धनराशि दी। ना ही किसी विकास योजना का लाभ ही पहुंचाया। हमारी केन्द्र की भाजपा सरकार में मुस्लिम वर्ग सभी योजनाएं से लाभान्वित हो रहे हैं।
पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने लखनऊ के पश्चिम विधानसभा के लॉ प्लास में आयोजित अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में कहा कि आजतक अखिलेश यादव और मायावती ने मुस्लिम वर्ग के लोगों को किस योजना का लाभ पहुंचाया। ये सत्ता में आते थे, तब कर्फ्यू लगता था। कर्फ्यू लगने पर हर वर्ग के गरीब लोगों को नुकसान होता था। डा. दिनेश ने कहा कि साइकिल का पंचर बनाते हुए मुस्लिम आज मशीन पर काम करते हुए दिखायी देते हैं। जबकि कांग्रेस ने इनका वोट लिया, सपा ने लिया, बसपा ने वोट लिया और इनके हालात को तीनों पार्टियों ने नहीं बदला। कांग्रेस, सपा और बसपा ने मुस्लिम को शिक्षा से दूर रखा, क्योंकि ये दल जानते थे कि जो मुस्लिम वर्ग शिक्षित हो गया तो वो भाजपा, अटल बिहारी बाजपेयी और राजनाथ सिंह का हो कर रह जायेगा।



**हमला बोला**

▸▸ जो लोग चुनाव के वक्त टोपी पहनकर मुस्लिम के बीच जाते रहे हैं, उन्होंने मुस्लिम को क्या दिया

## आर्टिफिशियल हल्दी और धनिया पाउडर जब्त

**दुमका:** हंसडीहा-भागलपुर रोड स्थित मसाला कारोबारी कमलेश वैध के यहां फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने गुरुवार को छापेमारी करके बड़ी मात्रा में आर्टिफिसियल हल्दी और धनिया पाउडर जब्त किया।

# दो पत्नी वालों को हर साल दो लाख देगी कांग्रेस: कांतिलाल भूरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**रतलाम:** पूर्व केंद्रीय मंत्री और रतलाम से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया ने चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने दो पत्नियों वालों को दो लाख देने की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में दिया गया ये बयान तेजी से वायरल हो रहा है। मध्य प्रदेश से कद्दावर आदिवासी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रतलाम से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया ने गुरुवार को एक सभा में घोषणा की है कि जिस व्यक्ति की दो पत्नियां हैं, उसे दो लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे। इसके अलावा कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में सभी महिलाओं के खातों में एक-एक लाख रुपये देने की बात कही है। खास बात यह है कि पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी उनकी इस घोषणा का समर्थन किया है।



**ऐलान**

▸▸ कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में सभी महिलाओं के खातों में एक-एक लाख रुपये देने की बात कही है

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत

**शिवकाशी (तमिलनाडु)):** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में शिवकाशी में गुरुवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से पांच महिलाओं सहित सात श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक शिवकाशी के एक पटाखा फैक्ट्री में यह हादसा हुआ है। ये ब्लास्ट इतना जोरदार था कि घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार और तेज धमाके की आवाज सुनाई दी।

**समीकरण** पिछले आम चुनाव में कांग्रेस ने उप्र की 67 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, कांग्रेस रायबरेली सीट जीतने में कामयाब हुई थी

# लोस चुनाव: चौथे चरण में कांग्रेस की कमजोर चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** 18वीं लोकसभा के चुनाव में चौथे चरण में उप्र की 13 सीटों पर मतदान होगा। पिछले आम चुनाव में कांग्रेस ने उप्र की 67 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। कांग्रेस एकमात्र रायबरेली सीट जीतने में कामयाब हुई थी। 2024 के चुनाव में कांग्रेस-सपा का गठबंधन है।
गठबंधन के तहत कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चौथे चरण के चुनाव में दो सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पिछले चुनाव में दो में से एक सीट पर उसकी जमानत जब्त हुई थी। बता दें, 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी 13 सीटें जीती थी।



**2019 के चुनाव का हाल:** 2024 के चुनाव में चौथे चरण की जिन 13 सीटों पर चुनाव होना है उनमें से कन्नौज संसदीय सीट पर पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था। 2019 के आम चुनाव में शाहजहांपुर (अ0जा0) सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी ब्रह्मस्वरूप सागर को 2.93 फीसदी वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त हुई। खीरी संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी जफर इकबाल नकवी को 8.11 फीसदी वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जमानत बचाने में विफल रहे। धौरहरा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर जितिन प्रसाद 15.31 फीसदी वोट के साथ तीसरे नंबर पर रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद अपनी जमानत बचाने में असफल रहे। सीतापुर संसदीय सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार कैसर जहां की जमानत जब्त हुई। कांग्रेस प्रत्याशी 9.01 फीसदी वोट पाकर तीसरे स्थान पर रही। हरदोई (अ0जा0) सीट पर कांग्रेस का वोट शेयर 1.89 फीसदी रहा। कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र कुमार की जमानत जब्त हुई, और वो तीसरे स्थान पर रहे। मिश्रिख (अ0जा0) संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी मंजरी राय को 2.58 फीसदी वोट मिले। मंजरी तीसरे स्थान पर रही और जमानत बचाने में विफल रही।

